RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 167 • 08:10:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## भारत और मालदीव के बीच वार्ता

### रुपे कार्ड से भुगतान शुरू

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच सोमवार को व्यक्तिगत एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच करंसी स्वैप, कानून प्रवर्तन, भ्रष्टाचार निरोधी, न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण और खेल क्षेत्र में सहयोग से जुड़े पांच करार हुए। दोनों नेता मालदीव में रुपे कार्ड से भुगतान की व्यवस्था के लांच के साक्षी बने। साथ ही मालदीव के हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के न्यू रनवे का उद्घाटन किया गया और एक्सिम बैंक बायर्स क्रेडिट फैसिलिटी के माध्यम से तैयार किए गए 700 विशेष घरों को हस्तांतरित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और मेहमान नेता मोहम्मद मोइज्जू के बीच आज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने साझा प्रेस व्यक्तव्य दिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में बताया कि दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने पर भी काम करेंगे। इसके अतिरिक्त डिजिटल कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों देश मिलकर एक उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत अड्डू में और मालदीव बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोलने को लेकर इच्छुक है। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी "पड़ोसी प्रथम" की नीति और "सागर" विजन में भी मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। आज हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी दृष्टिकोण अपनाया है। पड़ोसी प्रथम की भारत सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए पहले मददगार की भूमिका निभाई है। मालदीव के लोगों के लिए आवश्यक सामग्री की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती है। इस संबंध में, भारत मालदीव के साथ सौर और ऊर्जा दक्षता के संबंध में अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। आने वाले समय में भारत और मालदीव यूपीआई के जरिए जुड़ेंगे। एकथा हार्बर प्रोजेक्ट में तेजी से काम किया जा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की दिशा में अपना सहयोग जारी रखेंगे। मालदीव के राष्ट्रपति ने उनके देश की कठिन समय में सहायता और बजटीय मदद के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति मोइज्जू ने कहा कि भारत ढांचागत सुविधाओं के विकास में मालदीव का प्रमुख सहयोगी है। समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में भारत एक महत्वपूर्ण भागीदार है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नेतृत्व में मालदीव भारत के साथ रिश्ते अधिक मजबूत करने को उत्सुक है। उन्हें आशा है कि दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा जल्द पूरी होगी। साथ ही मालदीव में भारत से और अधिक पर्यटकों का आगमन होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने स्वरचित गरबा गीत 'आवती कलाय' साझा किया

**नई दिल्ली**। देशभर में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी दुर्गा की स्तुति में स्वयं का लिखा गरबा गीत साझा किया है। जिसका टायटल है 'आवती कलाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दुर्गा पूजा के अवसर पर लिखा अपना गरबा गीत सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते हुए कहा,"यह नवरात्रि का पावन समय है और लोग अलग-अलग तरीकों से उत्सव मना रहे हैं, जो मां दुर्गा की भक्ति से जुड़े हैं। श्रद्धा और आनंद की इस भावना के साथ प्रस्तुत है 'आवती कलाय', एक गरबा जो मैंने उनकी शक्ति और कृपा को श्रद्धा स्वरूप लिखा है। उनका आशीर्वाद हमेशा हम पर बना रहे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने अपने द्वारा लिखे गए इस गरबा गीत की मधुर प्रस्तुति के लिए गायिका पूर्वा का धन्यवाद किया है और उनकी गायकी की तारीफ की। उन्होंने कहा, "मैं एक प्रतिभाशाली उभरती गायिका पूर्वा को इस गरबा को गाने और इसकी इतनी मधुर प्रस्तुति देने के लिए धन्यवाद देता हूं।

## हिन्दू उत्सवों व धार्मिक आयोजनों में विघ्न डालना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : विहिप

एजेंसी। नई दिल्ली



विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने सोमवार को कहा कि हिन्दू पर्व-त्योहारों या कुम्भ जैसे महान आयोजनों की शुचिता और पवित्रता बरकरार रख, पूज्य संतों व मातृ शक्ति के सम्मान की रक्षा हेतु सम्पूर्ण हिन्दू समाज कृत संकल्पित है। इन आयोजनों में विघ्न डालने वालों के विरुद्ध शासन-प्रशासन व समाज को सतर्क रहना होगा। इन उत्सवों व धार्मिक आयोजनों को अपवित्र करने वालों को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। संपूर्ण देशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि मां दुर्गा से प्रार्थना है कि वे हमें वह शक्ति प्रदान करें जिससे हम राष्ट्र विरोधियों और हिंदू विरोधियों के षडयंत्रों को समाप्त कर भारत को विश्व का शीर्षस्थ देश बनाने का अपना संकल्प पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की विशेषता है कि उसके उत्सव विभिन्न रंगों की छटाओं से भरे होते हैं। डांडिया नृत्य मां दुर्गा की आराधना का ही एक अनूठा आयोजन है। यह पूर्ण रूप से धार्मिक आयोजन है जिसमें वही भाग लेता है जो मां दुर्गा के प्रति समर्पित है। दुर्भाग्य से विकृत मानसिकता से ग्रस्त जेहादियों ने अपने गंदे इरादों के साथ डांडिया पंडालों में घुसना प्रारंभ कर दिया है। कल ही भाग्यनगर (हैदराबाद) के डांडिया पंडाल में एक जिहादी इरशाद खान ने एक हिंदू लड़की का हाथ पड़कर अश्लील हरकत करने की कोशिश की। परिवार का विरोध करने पर वह वहां से भाग गया लेकिन परिवार जनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर दी है। डॉ जैन ने आगे कहा कि कामुकता से भरे इन जेहादियों की कई प्रकार की गंदी हरकतों के समाचार मिलते रहते हैं। कभी किसी हिंदू लड़की को छेड़ना तो कभी उनको रोकने पर लड़की पर तेजाब डाल देना कहां की सभ्यता है। पत्थर बाजी के समाचार भी मिलते रहते हैं। हमारी पूजा सामग्री व प्रसाद को भ्रष्ट करने का यह लोग हमेशा प्रयास करते ही हैं। इनकी पाशविक कामवासना, जिसको लव जिहाद का नाम दिया गया है, से पूरी दुनिया त्रस्त है। ऐसे में अगर विहिप ,बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता दुर्गा पूजा के पंडालों में जेहादियों के आने पर रोक लगाते हैं तो क्या गलत करते हैं? क्या हम अपनी आस्था और बहन बेटी के शील और स्वाभिमान को बचाने का भी अधिकार नहीं रखते? दुर्घटना की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती। हम जानते हैं कि सावधानी में ही बचाव है। उन्होंने बचाव या सुरक्षा के इस पुनीत कार्य में लगे हिन्दू युवकों को 'हिंदू धर्म रक्षक' बताते हुए कहा कि इनका सम्मान होना चाहिए। दुर्भाग्य से सेकुलरिज्म से ग्रस्त कुछ लोग उनके लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि क्या उन्होंने कभी थूक जिहाद, जूस में पेशाब मिलने वाले, हिंदू उत्सवों पर पथराव करने वालों व हिंदू लड़कियों के टुकड़े-टुकड़े करने वालों के लिए जिहादी गुंडे कहने की हिम्मत दिखाई है जबकि वे फिलिस्तीन या जिहादी आतंकी संगठनों का झंडा हाथ में लेकर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने में भी संकोच नहीं करते? अब समझ में आता है इन जेहादियों को कवर फायर कौन देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में लागू होगा एनआरसी, नागरिकता का रजिस्टर बनेगा: शिवराज चौहान



**नई दिल्ली**। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि झारखंड में एनआरसी लागू किया जाएगा। नागरिकता का रजिस्टर बनेगा। विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। झारखंड में भाजपा का विस्तृत संकल्प पत्र जल्द आने वाला है। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा झारखंड प्रभारी शिवराज चौहान ने कहा कि यह चुनाव केवल मुख्यमंत्री बनाने या किसी पार्टी की सत्ता के लिए नहीं है, यह झारखंड को बचाने का चुनाव है। बेटी, माटी और रोटी इन तीनों की रक्षा करना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की डेमोग्राफी परिवर्तित हो रही है। संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हिंदू आबादी भी प्रभावित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट बैंक के लालच में हेमंत सोरेन और गठबंधन सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठियों के आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनाए जा रहे हैं, यह देश के लिए बड़ा खतरा है। आदिवासी बेटियों को भ्रम के जाल में फंसा कर उनसे शादी कर जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है।

### राहतः लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को मिली जमानत



**पटना**। लंबे समय से राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के लिए मुसीबत बना हुआ है। सीबीआई और ईडी की जांच का सामना कर रहे लालू परिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव समेत 8 आरोपियों को बड़ी राहत देते हुए 1 लाख के निजी मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया है। वहीं कोर्ट ने सभी आरोपियों को पासपोर्ट जमा कराने का भी आदेश दिया है। उस दौरान सभी आरोपियों को भारत में ही रहना होगा। वहीं इससे पहले लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव के कोर्ट में पेशी के दौरान उनके समर्थक लालू यादव के समर्थन में नारे लगाते दिखे। समर्थकों का कहना था कि हमें भगवान और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। न्यायालय से हमें न्याय मिलेगा। इस मामले में अब अगली सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी।बता दें, लैंड फॉर जॉब मामले में सभी आरोपियों की तरफ से जमानत की अर्जी दाखिल की गई थी। कोर्ट को जानकारी दी गई कि समन की तामील करते हुए सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

**ये था मामला** : लैंड फॉर जॉब मामले में आरोप के अनुसार, रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद ने भारतीय रेलवे के 11 जोन में ग्रुप डी की बहालियों में भ्रष्टाचार किया था और लोगों की जमीनें और फ्लैट लेकर उन्हें रेलवे में नौकरी दी थी। इस मामले की सीबीआई और ईडी दोनों एजेंसी जांच कर रही है। जांच में यह बात सामने आई है कि लालू ने अपने और अपने परिवार के लोगों के नाम पर इन जमीनों की रजिस्ट्री कराई थी।

## नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े दुश्मनः शाह

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, मानवाधिकार के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के दिनों में उन्हें बड़ी सफलताएं मिली हैं। अमित शाह ने नई दिल्ली में स्थित विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय से नक्सलवाद को देश से पूरी तरह से समाप्त किया जा रहा है। सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में शून्य मतदान हुआ था।

**2026 तक नक्सली का पूरी तरह सफाया** : केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलवाद को देश से पूरी तरह समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नक्सल प्रभावित राज्यों से कहा कि वे नियमित अंतराल पर विकास और सुरक्षा पहलों की समीक्षा करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मार्च 2026 तक इस समस्या का पूरी तरह उन्मूलन हो जाए।

**छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना, आत्मसमर्पण में आयी तेजी** : केंद्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवाद से निपटने में सफलता के लिए सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक और पूरी टीम को बधाई दी। शाह ने कहा कि जनवरी से अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सली मारे गए, 801 गिरफ्तार हुए और 742 ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सलवाद से जुड़े युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि चाहे पूर्वोत्तर हो या जम्मू-कश्मीर, करीब 13000 नक्सली और आतंकी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

### साधना व समर्पण के प्रतीक नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन यात्रा का साक्षी रहा हूं : अमित शाह

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में 23 वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बधाई दी है। इसके साथ ही अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे मोदी जी की इस यात्रा के साक्षी रहे हैं। अमित शाह ने एक्स पर कहा,''आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में 23 वर्ष पूरे हुए हैं। एक व्यक्ति अपना पूरा जीवन राष्ट्रहित और जनसेवा को कैसे समर्पित कर सकता है, यह 23 वर्ष की साधना उस अद्वितीय समर्पण की प्रतीक है। यह 23 वर्षीय यात्रा, सामाजिक जीवन जीने वालों के लिए जीवंत प्रेरणा है। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि मैं मोदी जी की इस यात्रा का साक्षी रहा हूँ। अमित शाह ने आगे कहा,'' मोदी जी ने यह दिखाया कि कैसे गरीब कल्याण, विकास, देश की सुरक्षा व वैश्विक पहचान को मजबूती देने के कार्य समानांतर किए जा सकते हैं। उन्होंने समस्याओं को टुकड़ों में देखने की जगह, समग्र समाधान का विजन देश के सामने रखा। बिना रुके, बिना थके, बिना अपनी परवाह किये देश और देशवासियों के लिए समर्पित ऐसे राष्ट्रसाधक मोदी जी को सेवा और समर्पण के 23 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई देता हूँ।

## सफलताओं व चुनौतियों से सीख कर स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर बना सकते हैं: जेपी नड्डा



**नई दिल्ली**। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए केन्द्र सरकार समग्र और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाती है। केंद्र सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना शुरू की। इस योजना से 12 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ पहुंच रहा है। सरकार प्रति परिवार सालाना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य खर्च वहन करती है। सोमवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति के 77वें सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भारत सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि गैर संचारी रोग (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए देश में राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत 753 एनसीडी क्लीनिक, 356 डे केयर सेंटर और 6,238 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के साथ एकीकृत करने में भारत के अनुभव ने समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान, समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं की सीमा का विस्तार करने का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस दृष्टिकोण के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों से निपटने, समावेशी, मानव-केंद्रित विकास को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है। एक-दूसरे की सफलताओं और चुनौतियों से सीखकर हम स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर बना सकते हैं। क्षेत्रीय समिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. रजिया पेंडसे, भूटान के स्वास्थ्य मंत्री ल्योनपो तंडिन वांगचुक, मालदीव के स्वास्थ्य मंत्री अब्दुल्ला नाज़िम इब्राहिम और नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री प्रदीप पौडेल सहित कई देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### 1814 करोड़ की एमडी ड्रग पकड़े जाने के बाद शुरु हुआ सियासती घमासान

**भोपाल**। राजधानी भोपाल के भोपाल के बगरोदा पठार इंडस्ट्रियल एरिया में गुजरात एटीएस और एनसीबी द्वारा की गई छापेमारी में 1814 करोड़ की एमडी ड्रग पकड़े जाने के बाद सियासत घमासान शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेताओ सहित अन्य पार्टियो ने भाजपा पर हमला करते हुए एक आरोपी के भाजपा के मंत्री से नजदीकियां होने के गंभीर आरोप लगाये है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर कई बड़े आरोप लगाते हुए डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा का इस्तीफा मांगा है। दरअसल इस मामले में मंदसौर से गिरफ्तार एक आरोपी हरीश आंजना की डिप्टी सीएम के साथ तस्वीरें सामने आई है, इसे लेकर पटवारी ने सरकार को घेरा है।

## दोनों देशों के संबंधः विदेश मंत्री जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा पर, दुनिया की नजर

एजेंसी। नई दिल्ली



इस्लामाबाद में 15-16 अक्टूबर को शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल हो रहे हैं। ऐसे में देश दुनिया के तमाम लोगोँ के मन में एक ही सवाल उठ रहा है कि क्या इस बैठक से भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुई कड़वाहट दूर होगी। वजह ये है कि 26/11 हमले के बाद पाकिस्तान से भारत के रिश्ते बेहद खराब हो गए थे। तब से कुछ गिने चुने मौके को छोड़ दें तो भारतीय नेताओं ने पाकिस्तान जाने से परहेज ही किया है। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई है। तब से कुछ गिने चुने मौके ही आए, जब कोई भारतीय नेता पाकिस्तान गया हो। आखिरी बार साल 2016 में राजनाथ सिंह बतौर गृह मंत्री सार्क की बैठक के लिए पाकिस्तान गए थे, तब से कोई भी भारतीय राजनेता पाकिस्तान के दौरे पर नहीं गया है। इससे पहले दिसंबर 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी रूस यात्रा से लौटते वक्त अफगानिस्तान और पाकिस्तान गए थे। 2015 में दिसंबर में ही तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज हार्ट ऑफ एशिया कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने इस्लामाबाद पहुंची थीं। इसके बाद उरी, पुलवामा, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और तमाम आतंकी मुद्दों और सीमा पर तनाव के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते ठप पड़े हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विदेश मंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में कोई सुधार आएगा? या 2023 में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की भारत यात्रा के महज़ एक दिन बाद से ही जैसे दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच तीखी बयानबाजी हुई थी, वैसे ही इस बार भी यह मीटिंग महज एक बहुपक्षीय मीटिंग रह जाएगी। या दोनों देशों के रिश्तें में कोई सुधार आएगा? हालांकि रणधीर जायसवाल से जब प्रेस कांफ्रेस में इस विषय पर पूछा गया तो उनका जवाब था, ये दौरा एससीओ मीटिंग के लिए है, इससे ज़्यादा इसके बारे में न सोचें।

## पैगंबर मोहम्मद को लेकर नरसिंहानंद के विवादित बयान पर शाही इमाम की सलाह, बुराई को रोकें, न फैलाएं

एजेंसी। लुधियाना



उत्तर प्रदेश के डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर दिए गए विवादित बयान के बाद देश भर में माहौल गरमा गया है। इस बयान के चलते यति नरसिंहानंद के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं और मुस्लिम समाज द्वारा उनकी कड़ी आलोचना की जा रही है। इस बीच, पंजाब के लुधियाना स्थित मस्जिद के शाही इमाम मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने मुस्लिम समाज को एक महत्वपूर्ण सलाह दी है। शाही इमाम मोहम्मद उस्मान रहमानी ने मुस्लिम समाज से अपील की है कि बुराई को खत्म करने के लिए बुराई को फैलाना नहीं चाहिए, बल्कि उसे रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद की बेअदबी करने वाले किसी भी वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उसे रिपोर्ट कर डिलीट कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बुराई फैलाने से वह और बढ़ेगी, इसलिए इसे रोकने का प्रयास किया जाए। शाही इमाम ने कहा, जो व्यक्ति पैगंबर मोहम्मद की बेअदबी कर रहा है, उसका वीडियो शेयर करना उचित नहीं है। इसे वायरल करने के बजाय, उस चैनल या प्लेटफॉर्म को ब्लॉक और रिपोर्ट करें जहां से यह वीडियो आ रही है। साथ ही ऐसे सोशल मीडिया चैनलों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए जो ऐसी वीडियो को प्रसारित कर रहे हैं।

### नरसिंहानंद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

महंत यति नरसिंहानंद अपने विवादित बयानों के कारण अक्सर चर्चा में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके चलते उनके खिलाफ जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और मुस्लिम समाज उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। इसके विरोध में गाजियाबाद के डासना मंदिर के सामने भी प्रदर्शन हो चुका है।

### खड़गे का आरोप, मोदी अर्थशास्त्र... अर्थव्यवस्था के लिए अभिशाप



**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों की तीखी आलोचना की है, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मोदी अर्थशास्त्र को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अभिशाप करार दिया। खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी के पुराने भाषण उनकी विफलताओं को छिपा नहीं सकते और इन नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को संकट में डाल दिया है। खड़गे ने यूपीए और एनडीए के बीच निर्यात वृद्धि की तुलना की। उन्होंने बताया कि 2013-14 से 2022-23 तक घरेलू देनदारियों में 241 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और घरेलू ऋण का जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 40 प्रतिशत का स्तर अब तक का उच्चतम है। उन्होंने कहा कि भारतीय परिवारों की खपत महामारी के बाद उनकी आय से अधिक हो गई है, सितंबर 2024 में घर में बनी सब्जी की थाली की कीमत में पिछले वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खड़गे ने मेक इन इंडिया की विफलता का जिक्र कर कहा कि कांग्रेस-यूपीए के दौरान भारत के बढ़ते निर्यात के लाभों को मोदी की नीतियों ने त्याग दिया।

### कराची एयरपोर्ट धमाके में दो चीनी नागरिक की मौत, चीन ने जताई नाराजगी

**कराची**। पाकिस्तान के कराची एयरपोर्ट पर रविवार रात को धमाके में दो चीनी नागरिकों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। धमाके के बाद चीनी दूतावास ने नाराजगी जताते हुए पाकिस्तान को चीनी परियोजनाओं और नागरिकों की सुरक्षा तय करने की हिदायत दी है। जानकारी के मुताबिक धमाका कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास हुआ, जहां चीन द्वारा फंड की गई पोर्ट कासिम पावर जनरेशन कंपनी के कर्मचारी यात्रा कर रहे थे। चीनी दूतावास ने जारी बयान में कहा कि इस हमले में दो चीनी कर्मियों की मौत हो गई और एक अन्य चीनी घायल हो गया है। इसके अलावा कई पाकिस्तानी पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। चीनी दूतावास ने पाकिस्तान सरकार से घायलों का उचित इलाज कराने और हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने मांग की है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इससे एयरपोर्ट की इमारतें हिल गईं। धमाके की आवाज करीमाबाद, डिफेंस और जमशेद रोड, में सुनी गई। विस्फोट के कारण एक टैंकर में आग लग गई, जिससे एयरपोर्ट के आस पास का क्षेत्र धुएं के घने बादलों में घिर गया।

# लहलादपुर का हुआ सर्वांगीण विकास : धूमल सिंह

**छपरा,एजेंसी।** मेरे विधायकी वाले कार्यकाल में लहलादपुर प्रखंड क्षेत्र का खूब विकास किया गया। मैंने ग्रामीण सड़क व स्कूल बनवाया। ग्रामीणों की मांग पर बनियापुर से लहलादपुर में प्रखंड सह अंचल कार्यालय लाने का काम मैंने ही किया है। ये बातें एकमा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व जदयू नेता मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने जनता बाजार में कही। वे जनता बाजार में एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक में पहुंचे थे। बैठक के सम्बोधन में उन्होंने कहा कि एकमा विधान क्षेत्र के विकास के लिये हमेशा प्रयासरत रहता हूं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता राजबल सिंह कुशवाहा ने धूमल सिंह के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विधायक नहीं रहते हुए भी अपने क्षेत्र के विकास के लिये बराबर प्रयास करते रहते हैं।हाल ही में उन्होंने सारण गांव स्थित गंडकी नदी के ध्वस्त पुल के बदले फिलहाल (बांस-बल्ला से बना हुआ) पुलिया बनवाने के लिये अपने निजी कोष से पचास हजार रुपये देकर सहयोग किया। पूर्व विधायक ने बाबा ढोंढ़नाथ मंदिर के समीप सड़क बनवाने के लिए सीएम नीतीश कुमार से बात करने की बात कही। बैठक में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सोनी, पूर्व प्रमुख अनिल कुमार सिंह, मुखिया राकेश कुमार साह, मुखिया पंकज तिवारी, राजीव रंजन मिश्र, राजेश बाबा, शकील अहमद सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। निष्ठावान पदाधिकारियों को लोग रखते हैं याद

दाउदपुर(मांझी)। आम जनता के अलावा अपने कार्यक्षेत्र के दायरे में रहने वाले भूतपूर्व पदाधिकारियों , कर्मचारियों की सूची संकलित कर उनके मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करना जिले व प्रखंडों में पदस्थापित पदाधिकारियों व कर्मचारियों का न सिर्फ नैतिक दायित्व है बल्कि सरकारी सेवा कार्य से रिटायर हो चुके लोगों का कानूनी अधिकार भी है। यह बातें मांझी थाना क्षेत्र के टेघडा गांव निवासी व शिमला में पदस्थापित हिमाचल प्रदेश पुलिस के आईजीपी जयप्रकाश सिंह ने रविवार को मांझी थाना परिसर में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि समाज की बेहतरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों की बदौलत उपलब्धि हासिल करने वाले निष्ठावान पदाधिकारियों को लोग दशकों तक याद रखते हैं। इससे पहले मांझी थाना परिसर पहुंचने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने अपने सहकर्मियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर ओझा,सुनील कुमार सिंह,संत सिंह तथा बम बम सिंह सहित थाना में पदस्थापित पदाधिकारी,पुलिसकर्मी व चौकीदार दफादार आदि मौजूद थे।

# अपहरण मामले में 7 साल बाद दोषी करार 18 अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी

## गांव के लड़के ने किया किडनैप, पिता को फोन कर बोला-बेटे का मुंह देखना चाहते हो तो 5 लाख दो

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर में 7 साल पहले किडनैपिंग मामले में कोर्ट ने चार अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। एक दोषी गौरव कुमार को आठ और बचे सभी तीन को 18 अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी।2017 में गणतंत्र दिवस परेड की झांकी देखने तहबलपुर से सैंडिस कंपाउंड आए युवक विक्रम कुमार उर्फ विक्की का अपहरण किया था। इसके बाद पीड़ित के पिता से 5 लाख रुपए की फिरौती मांग थी। लेकिन पीड़ित किसी तरह से मौके पर से निकल कर घर आ गया था। अब 7 साल बाद इसमें कार्रवाई की गई है।



### बीच रास्ते से गांव के लड़के ने उठाया

26 जनवरी 2017 भागलपुर के तबलपुर के रहने वाले स्नातक के छात्र विक्की कुमार भागलपुर के ऐतिहासिक मैदान सैंडिस कंपाउंड में गणतंत्र दिवस की झांकी देखने जा रहे थे। घर से महज थोड़ी दूर पर ही वो गया था, तभी गांव के ही मांटा मंडल उसे मिला। उसके साथ नवगछिया के रहने वाले खगेश भी था। उन्होंने विक्की से पूछा कि कहां जा रहे हो तो उसने कहा कि गणतंत्र दिवस की झांकी को देखने के लिए सैंडिस जा रहा हूं। इस पर विक्की को बांटा मंडल ने कहा कि अभी झांकी में समय है मेरे बाइक पर बैठो। बांटा ड्राइव कर रहा था, बीच में विक्की बैठा था और पीछे नवगछिया के रहने वाला खगेश।

### दीदी के घर के बहाने नवगछिया ले गया

उन लोगों ने पहले विक्की से कहा कि चलो चाय पीने तिलकामांझी चलते हैं। चाय पीने के बाद बांटा ने कहा कि अभी झांकी निकलने में लेट है, एक काम करते हैं खगेश के दीदी का घर नवगछिया में है। वहां से घूम कर आते हैं। इसके बाद बाइक पर बैठाकर नवगछिया ले गए। वहां उनके साथ 3 और बदमाश मिले। कुल 5 लोगों ने विक्की को एक कमरे में बंद कर दिया। उसके साथ जमकर मारपीट की।

### बेटा का मुंह देखना है, तो 5 लाख दो

विक्की ने बताया कि मेरे मोबाइल से पापा को बांटा ने फोन किया। 5 लाख की फिरौती मांगने लगे। आरोपियों ने कहा कि बेटा का मुंह देखना है, तो 5 लाख दो। इसके बाद विक्की के पिता ने लोदीपुर पुलिस से संपर्क की। सुबह हमने बदमाशों को कहा कि शौच लगी है, तो वह पानी का व्यवस्था करने के लिए गया। तब विक्रम ठाठ को तोड़कर भाग निकला।

हालांकि गौरव ने उसे देख लिया और पकड़ लिया। दोनों में मारपीट होने लगी तो आसपास के लोग पहुंच गए। लोगों को विक्रम ने पूरा मामला बताया तो उन्होंने गौरव को पकड़ा। इसके बाद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और विक्रम को बरामद कर लिया।

### मोबाइल ट्रेसिंग कर आरोपी पकड़ाया

पिता किशोर मंडल ने बताया कि हम पहले ठेला चलाने का काम करते थे। स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने की वजह से हमने मुर्गा का बिजनेस खोला। बेटा मेरे कामों में पढ़ाई के साथ-साथ हाथ बंटाता था। पड़ोस के ही बांटा ने अपहरण की साजिश अपने दोस्त संग रची थी। हमने धैर्य रखते हुए इसकी जानकारी लोदीपुर पुलिस को दी और बेटे की तलाश में जुट गए। इसके बाद मोबाइल ट्रेसिंग की मदद से पुलिस ने विक्की को ढूंढा।

### वकील बनना चाहता है विक्की

विक्की 2 बहन और इकलौता भाई है। वह पढ़ लिखकर अधिवक्ता बनना चाहता है। हालांकि लॉ में उसकी एडमिशन इस बार नहीं हो पाई। उन्होंने आगे बताया कि बदमाशों से पहले ना कोई किसी तरह की विवाद था और ना ही बातचीत होता था। आखिरकार उन्होंने ऐसी वारदात को अंजाम क्यों दिया यह मुझे पता नहीं। लेकिन अभी भी विश्वास नहीं होता है कि मेरे बेटा के साथ बांटा मंडल ऐसे कर सकता है। पिता ने आगे बताया कि 7 साल बाद न्याय मिला है। न्यायालय पर मुझे नाज है। न्यायालय के इस फैसला से मैं काफी खुश हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### मांगों को लेकर हड़ताल पर गई जीविका दीदियां

**गया,एजेंसी।** जीविका दीदियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर डोभी नगर पंचायत स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय कंजियार के प्रागंण में रविवार को बैठक कर विचार-विमर्श के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चलीं गईं। सुनीता देवी की अध्यक्षता में जीविका दीदियों ने डोभी परियोजना कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव किया और बीपीएम पिंकी कुमारी को मांगपत्र सौंपा। जीविका दीदियों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। जीविका दीदियों ने कहा कि उनके मानदेय पॉलिसी का अविलंब संशोधन कर कम से कम 25 हजार रुपये किया जाए। सभी कैडरों को नियुक्ति पहचान पत्र जाया जाए। जीविका दीदियों ने बताया कि प्रखंड परियोजना प्रबंधक को मांग पत्र सौंपा गया है। जब तक सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करेगी तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। धरने में ललिता देवी, कमला देवी, सोनी देवी सहित सैकड़ों जीविका दीदियां शामिल थी।

### चेकपोस्ट पर विदेशी शराब व बीयर लदी कार पकड़ी गई

**गया,एजेंसी।** उत्पाद जांच चौकी पर एक्साइज की टीम को विदेशी शराब और बीयर लदी कार हाथ लगी। समेतिक जांच चौकी, डोभी की टीम ने 192 बोतल शराब व 96 पीस केन बीयर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद सहायक आयुक्त प्रियरंजन ने बताया कि पर्व-त्योहार की सीजन को लेकर जिले भर में टीम को अलर्ट कर दिया गया है। खासकर जांच चौकी पर। इसी क्रम में शनिवार की रात जांच चौकी की टीम ने वाहनों की जांच में शक के आधार पर एक स्विफ्ट डिजायर कार पकड़ी। इंस्पेक्टर रामप्रीति कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में 192 कार में छिपायी गई बोतल शराब व 96 पीस केन बीयर के साथ दो तस्करों को दबोचा गया। 72 लीटर विदेशी शराब और 48 लीटर बीयर के साथ कार को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार युवकों में जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र के औलियाचक गांव निवासी अजीत कुमार और परस बिगहा थाना क्षेत्र के महादेव बिगहा गांव के पीयूष प्रत्यय को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में इंस्पेक्टर रामप्रीति कुमार, एसआई प्रमोद कुमार, एएसआई दीपक कुमार, दिलीप कुमार व राहुल कुमार सहित जवान शामिल रहे।

### कोंच के अलग-अलग गांव से सात गिरफ्तार

**गया,एजेंसी।** स्थानीय थाने की पुलिस ने अलग-अलग गांव से आधा दर्जन वारंटी समेत सात लोग को गिरफ्तार किया है। कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया कि राजकुमार यादव,नीतीश कुमार,राजाराम यादव,राजेश कुमार व बजरंगी यादव को गिरफ्तार किया गया। ये सभी कोंच थाना के बेलिपर गांव का रहने वाला है। वहीं बैंकटपुर गांव से वारंटी जितेन्द्र गिरी को पकड़ा गया। इसके अलावा शराब कारोबार के मामले महुआ बिगहा से फूलचंद मांझी को गिरफ्तार किया गया। इसके घर से दो दिन पहले महुआ शराब बरामद हुआ था। लेकिन उसवक्त वह भाग निकला था। इस छापेमारी अभियान एएसआई सुरेश कुमार व शैलेश कुमार शामिल थे।

# पटना में अपराधियों ने बस कंडक्टर को मारी गोली

## बस लेकर जा रहा था बेतिया, बाइक सवार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

**पटना,एजेंसी।** पटना के मसौढ़ी मोड़ पर रविवार की देर रात अपराधियों ने एक बस कंडक्टर को गोली मार दी। घायल स्थिति में कंडक्टर को इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आसपास के लोगों के साथ-साथ बस के ड्राइवर से पूछताछ कर रही है। घायल बस कंडक्टर की पहचान दीपक कुमार के रूप में हुई है, जो मुजफ्फरपुर का रहने वाला था। आसपास के बस के एजेंट ने बताया कि रविवार की सुबह बेतिया से बस लेकर पटना बैरिया बस स्टैंड पहुंचा था।



### फायरिंग के बाद फरार हुए आरोपी

बताया जा रहा है कि दीपक कुमार वर्षों से बस का कंडक्टर करता आ रहा है। फिलहाल दीपक कुमार, सिंह ट्रैवल्स में पटना बेतिया बस में कंडक्टर का काम किया करता है। रविवार की सुबह वह बेतिया से बस में कंडक्टर के रूप पटना में अपराधियों ने बस कंडक्टर को मारी गोलीमें पटना बैरिया बस स्टैंड पहुंचा था। रविवार की रात वह बस लेकर बेतिया जा रहा था।

इसी क्रम में जैसे ही दीपक कुमार मसौढ़ी मोड़ के नजदीक पहुंचा, बस वहां कुछ देर के लिए रुकी थी। इस बीच मोटरसाइकिल से आए अपराधियों ने दीपक कुमार को गोली मार दी। गोली लगते ही दीपक कुमार जमीन पर गिर पड़ा। इस बीच अपराधी मौके से फरार हो गए।

### सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है पुलिस

सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने इसकी सूचना रामकृष्ण नगर थाने को दी। रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल स्थिति में दीपक कुमार को इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया है। घटना की पुष्टि करते हुए सदर डीएसपी- 2 श्री सत्यकाम ने बताया कि अपराधियों की तलाश के लिए घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि बस के ड्राइवर से भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल किसी से दुश्मनी की बात अभी तक सामने नहीं आई है।

# एनएच-31 पर 2 ट्रकों की टक्कर, ड्राइवर की मौत



**पूर्णिया,एजेंसी।** पूर्णिया में बीती रात दो ट्रक की आमने- सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद से दूसरा ट्रक ड्राइवर फरार है। जबकिजान गंवाने वाले चालक की पहचान गौरव कुमार (50) के रूप में हुई है, जो जालंधर का रहने वाला है। हादसा एनएच-31 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलौरी बाइपास पर हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दूसरा ट्रक चालक वाहन लेकर फरार

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक मरंगा से गुलाबबाग की ओर जा रहा थी। माल लदे ट्रक की रफ्तार बेहद तेज थी, जिसके चलते दोनों ट्रकों की आमने-सामने भिडंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों ट्रक के परखच्चे उड़ गए। जबकि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुटे। ट्रक चालक को जीएमसीएच पूर्णिया लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरा ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया गया है।

# सड़क हादसे में तीन बेटियों के पिता की मौत, बेटी की दवा लाने गए थे 2 किलोमीटर दूर तक शव को घसीटता ले गया था कंटेनर



**बेगूसराय,एजेंसी।** बेगूसराय में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में तीन बेटियों के पिता की मौत हो गई। हादसे के बाद शव और साइकिल ट्रक में फंस गए थे। ट्रक ड्राइवर ने शव को 2 किलोमीटर तक घसीटा। हादसा रसीदपुर के पास हुआ और ट्रक ड्राइवर शव को लेकर दलसिंह सराय के आरबी कॉलेज तक पहुंच गया। शव का फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मृतक की पहचान की गई। मृतक बेगूसराय के बछ्वारा थाना क्षेत्र के शिबू टोल के बऊए लाल पासवान के बेटे कैलाश पासवान (50) के रूप में हुई।

कैलाश पासवान की बेटी संगम कहती है पिता मेरे लिए दवा लाने नहीं गए होते तो उनकी जान बच जाती। मेरी अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट और दवा लाने ससुराल जाते समय हादसा हुआ है। अब मैं उन्हें कभी नहीं देख पाऊंगी। वो बच्चे के लिए खिलौने लेकर आए थे। बोल रहे थे घर चलो तो मैं इसके साथ खूब खेलूंगा। परिजनों ने बताया शव को देर शाम गांव लाया गया। कैलाश का कोई बेटा नहीं है। इसलिए भतीजे राजू ने मुखाग्नि दी।

**तीन बेटियों की हो चुकी है शादी :** घटना के बाद कैलाश पासवान की दो बेटी फुल कुमारी और रिंकू मायके आ गई। कैलाश पासवान ने गांव में ही मजदूरी कर अपनी तीन बेटियों की शादी की। मृतक की पत्नी रामा देवी ने बताया कि छोटी बेटी की डिलीवरी शुक्रवार की रात हुई थी। डॉक्टर ने उसका अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट और दवा लाने के लिए कहा था। ये दोनों बेटी के ससुराल में था। रिपोर्ट और दवा लाने के लिए सुबह 6 बजे घर से निकले थे। खाना नहीं बना था। इस कारण वो भूखे ही निकल गए थे।

# हथियार के साथ तीन को किया गिरफ्तार एक की निशानदेही पर दो पकड़ाए



**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर जिले में भोजपुरी गाने पर अवैध हथियार के साथ रील बनाते और फायरिंग करते एक वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव से जुड़ा है। जानकारी एसपी राज ने दी है। उन्होंने बताया कि कांड में प्रयुक्त 2 देसी पिस्टल और चार कारतूस बरामद किया गया है। आरोपियों में एक उदवंतनगर थाना पूर्वी नीमा गांव निवासी पवन कुमार और उसके दो नाबालिग साथी शामिल हैं। इसे लेकर एक प्राथमिकी की गई है। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें एक किशोर फायरिंग कर रहा। संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी और अवैध हथियारों की बरामदगी को लेकर सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था।

### दोस्त ने वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया

टीम ने प्रसारित वीडियो का सत्यापन कराया तो पता चला कि देसी पिस्तौल से फायरिंग करते वायरल वीडियो उदवंतनगर के कोहड़ा गांव निवासी एक लड़के का है। इसके बाद थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव व प्रशिक्षु दारोगा नीतीश कुमार के नेतृत्व टीम ने कोहड़ा में छापेमारी कर किशोर को पकड़ा गया। तलाशी में 315 बोर के दो कारतूस मिले टीम ने फायरिंग में प्रयुक्त अवैध हथियार के बारे में पूछताछ की तो बताया कि हथियार पूर्वी नीमा गांव के एक दोस्त का है। रील बनाने के लिए उसी के हथियार से फायरिंग की थी। इसके बाद भुपौली गांव के उसके एक अन्य दोस्तों ने वीडियो को इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया था।

### दालान में छिपाकर रखा था हथियार

टीम ने उसकी निशानदेही पर स्कूल के समीप छापेमारी कर वीडियो अपलोड करने वाले भुपौली गांव के किशोर को पकड़ा। उसके पास से भी 2 कारतूस बरामद किया गया। इसके बाद दोनों की निशानदेही पर टीम ने पूर्वी नीमा गांव में छापेमारी कर पवन कुमार के दालान से छिपा कर रखे गए 2 देसी पिस्टल बरामद किया। साथ ही आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पवन ने पूछताछ में बताया कि दोनों हथियार पूर्वी नीमा गांव निवासी उसके एक अन्य साथी का है। वह उसके दालान में छिपाकर रखता था। पुलिस ने तीनों को नामजद किया है।

# नवादा में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, दो गिरफ्तार

## तीन हथियार के साथ कई सामान बरामद





**नवादा,एजेंसी।** नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खलसा ढ़िवरी गांव में रविवार को नवादा पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। इस ऑपरेशन में तीन देसी थारनट, तीन देसी पिस्तौल और अर्धनिर्मित पिस्टल के कई पुर्जे बरामद किए गए। मामले में मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि एसटीएफ को सूचना मिली थी कि खलसा ढ़िवरी गांव के निवासी कारू मिस्त्री और उसके सहयोगी गोरू मियां मिलकर अवैध हथियारों की फैक्ट्री चला रहे हैं। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ ने छापा मारा और बड़ी संख्या में हथियार और उनके निर्माण में उपयोग होने वाले सामान बरामद किए। कारू मिस्त्री पहले से ही आर्म्स एक्ट के तहत आरोपित है, और इस कार्रवाई को पुलिस के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### सभी गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ जारी

सदर एसडीपीओ सुनील कुमार ने वीडियो संदेश में गिरफ्तार आरोपितों की पुष्टि की। कारू मिस्त्री और गोरू मियां, जो लखन मिस्त्री और नसीरुद्दीन के पुत्र हैं, को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि यह हथियार किसके लिए बनाए जा रहे थे और इनके पीछे कौन लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर छापेमारी जारी रखने की बात कही है, और जल्द ही इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# भाषण प्रतियोगिता में आसिया प्रथम

**दरभंगा,एजेंसी।** राजकीय मध्य विद्यालय, इमामबाड़ी में स्वस्थ पर्यावरण से ही स्वस्थ रहेंगे मानव विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में आठवीं की आसिया परवीन को प्रथम स्थान मिला। छठी के आफताब आलम एवं सातवीं के अलताफ को द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। शाजिया ताज, राबिया परवीन, ज्याउल्लाह, साजिया परवीन, आलिया परवीन, फाइका परवीन, जारिका परवीन एवं सना परवीन का प्रदर्शन भी बेहतर था। कार्यक्रम में शिक्षक व फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित थे।

**शिक्षक -अभिभावक संगोष्ठी में प्रगति की चर्चा : विभूतिपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर मिल्की भूमिहार टोले में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने की। संगोष्ठी में अर्धवार्षिक मूल्यांकन में प्राप्त अंकों को प्रगति पत्र बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति में जारी किया गया। उसके बाद स्कूल में अनुशासन व शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार, कौशिक कुमार, नरेश कुमार आदि मौजूद थे।

**पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन : मधुबनी।** शहर केजेएन कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वच्छता की सेवा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाया गया। महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में शनिवार को महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक सह वरिष्ठ शिक्षक डॉ अरुण कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### लैंड फॉर जॉब केस, लालू समेत 9 को जमानत

**पटना।** लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार समेत सभी 9 आरोपियों को जमानत मिल गई है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट से सभी को 1-1 लाख के निजी मुचलके पर बेल मिली। कोर्ट ने सभी को पासपोर्ट सरेंडर करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी। इस मामले में आज लालू परिवार की दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। सुनवाई के लिए कोर्ट में RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, तेजप्रताप और मीसा भारती पहुंचे थे। पहली बार इस मामले में कोर्ट की तरफ से लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को समन किया गया था। तेजस्वी यादव ने कहा, 'ये लोग बार-बार राजनीतिक साजिश करते रहते हैं। केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस केस में कोई दम नहीं है। बीजेपी जो सभी के साथ करती है वही हमारे साथ भी कर रही है। हम लोगों की जीत तय है। वहीं, सांसद मीसा भारती ने कहा, 'हमें कोर्ट पर पूरा विश्वास है। आज जो फैसला आया है, हम उसके लिए न्यायालय का धन्यवाद करते हैं।' कोर्ट में पेशी के लिए लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी मीसा और रोहिणी के साथ रविवार को पटना से दिल्ली पहुंचे थे। तेजप्रताप पहले से ही दिल्ली में मौजूद थे। तेजस्वी दुबई से रविवार देर रात तक दिल्ली पहुंचे थे। एअर इंडिया के विमान से दिल्ली रवाना होने से पहले पटना एयरपोर्ट पर लालू प्रसाद ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर और हरियाणा चुनाव में नरेंद्र मोदी की हार तय है।' वहीं, सांसद मीसा भारती ने कहा, 'हरियाणा और जम्मू कश्मीर में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।' इस पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, 'लालू यादव जी भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं। उनको ये सब क्या पता। वो जेल से डरने का काम करें। उन्होंने जो पाप किया है, वह न्यायालय तय करेगा।'

### चलती ट्रेन में महिला टीचर से छीना मोबाइल, बिहटा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों ने बदमाश को पकड़ा

**पटना।** पटना से सटे बिहटा रेलवे स्टेशन पर झपट्टा मार गिरोह के सदस्य ने चलती ट्रेन में महिला टीचर से मोबाइल छीन लिया। भागने के दौरान यात्रियों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। फिर रेल पुलिस के हवाले कर दिया। पुनाइचाक निवासी शिक्षिका पूनम कुमारी ने बताया कि मेरी पोस्टिंग भोजपुर स्थित शाहपुर मध्य विद्यालय में है। प्रतिदन पटना से ट्रेन से ड्यूटी करने जाती हूं। सोमवार को पटना जंक्शन से पैसेंजर ट्रेन से ड्यूटी जा रही थी। इस बीच बिहटा स्टेशन पर एक अज्ञात युवक मेरे पास पहुंचा और मोबाइल छीनकर भागने लगा। शोर मचाने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। इतने में गाड़ी आगे बढ़ गई। बाद में आरा से दूसरी ट्रेन पकड़कर फिर बिहटा पहुंची। उसके बाद लिखित शिकायत दर्ज कराई। वहीं, जीआरपी थानाध्यक्ष आरती सिंह ने बताया कि लिखित आवेदन मिला है। उसके आधार पर चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिक्षिका का मोबाइल भी बरामद हो गया है। केस दर्ज कर आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मामला डीएसपी के घूस लेने में जेल जाने का, एनआईए टीम फिर पहुंची गया

**पटना।** एनआईए ने नक्सली गतिविधियों से जुड़े होने की आशंका को देख कर जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के गया स्थित आवास पर छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए के डीएसपी अजय प्रताप भी थे। वहां से एनआईए ने 4 करोड़ नकद और 10 हथियार बरामद किया था। उसके बाद एनआईए के डीएसपी ने रॉकी को नोटिस देकर पटना बुलाया और कहा कि अगर 3 करोड़ दे दो तो तुम्हें और तुम्हारी मां यानी मनोरमा देवी को क्लीनचिट दे देंगे। अगर रकम नहीं दिए तो गया स्थित आवास पर एके-47 प्लांट कर देंगे और दोनों को नक्सली सूची में डालने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज देंगे। रॉकी ने पहली बार 25 लाख दे दिया फिर 70 लाख की मांग हुई तो रॉकी ने दिल्ली के सीबीआई एसपी को 6 पेज को लिखित आवेदन ईमेल कर दिया। उसके बाद सीबीआई ने अजय के कारनामों की अपने स्तर से जांच शुरू की और फिर अजय,



उसके चचेरे साले हिमांशु और हिमांशु के करीबी दीपू को गिरफ्तार कर लिया। भास्कर न्यूज। पटना/गया जेडीयू एमएलसी मनोरमा देवी के बेटे राकेश रंजन यादव उर्फ रॉकी यादव से 20 लाख रुपये घूस लेने के मामले में एनआईए के डीएसपी अजय प्रताप सिंह, उसके चचेरे साले हिमांशु सिंह के अलावा दीपू सिंह को सीबीआई ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 26 सितंबर को जिस थार यूपी 65 एफबी- 9199 से राकेश रंजन यादव उर्फ रॉकी यादव के मामा योगेश कुमार से 25 लाख का घूस लेने आया था, वह गाड़ी हिमांशु के नाम से है। हिमांशु ने इस थार का रजिस्ट्रेशन 7 फरवरी 2024 को वाराणसी आरटीओ से कराया है। एनआईए के डीएसपी अजय प्रताप सिंह ने रॉकी को 7352049209 पर कॉल कर रकम देने को कहा था। सूत्रों के अनुसार यह मोबाइल नंबर हिमांशु के करीबी रितिक सिंह का है। वहीं दूसरी बार एनआईए के डीएसपी ने रॉकी से 70 लाख और घूस की मांग की थी। इस बार डीएसपी ने रॉकी को एक दूसरा नंबर 9771736540 दिया और कहा था कि वाटसएप कॉल करने के बाद उसे रकम दे दो। यह मोबाइल नंबर हिमांशु के ही करीबी दीपू कुमार का है पर रॉकी के मामा ने जब कॉल किया तो हिमांशु ने रिसीव किया। उसके बाद रॉकी के मामा ने जैसे ही 3 अक्टूबर को 20 रकम दिया, सीबीआई ने हिमांशु और दीपू को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद सीबीआई ने पटना से अजय प्रताप सिंह को दबोच लिया। सीबीआई को कोर्ट ने पूछताछ के लिए डीएसपी, उसके साले हिमांशु और हिमांशु के करीबी दीपू को चार दिनों के लिए रिमांड पर दे दिया है। सीबीआई पूछताछ के बाद हिमांशु को भभुआ ले गई। हिमांशु को भभुआ के कई स्थानों पर सीबीआई ले गई। अजय से पूछताछ शुरू हुई तो उसने कोई खास जानकारी सीबीआई को नहीं दी। हां और नहीं में जवाब देता रहा। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई तीनों के बैंक खातों को भी खंगाल रही है।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार पति-पत्नी को कुचला, पति की हुई मौत

## पत्नी की हालत गंभीर, भाई बोला- दोनों कोर्ट जा रहे थे, आरोपी पक्ष ने साजिश के तहत रौंदा

**एजेंसी, पटना।**



पटना के पालीगंज के चंढोस गांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार पति-पत्नी को कुचल दिया। हादसे में पति बाबूनंद चौधरी की मौके पर ही मौत गई। वहीं पत्नी उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का इलाज अनुमंडल अस्पताल पालीगंज में चल रहा है। इधर, हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल पालीगंज लाई। हालांकि घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक, ट्रैक्टर लेकर फरार है। मृतक के भाई दिलीप चौधरी ने बताया कि बाबूनंद बाइक से अपने पत्नी के साथ आज सुबह तारीख पर दानापुर कोर्ट जा रहे थे, तभी चंढोस गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। मौके पर ही भाई की मौत हो गई, तो वहीं भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई। उनका कहना है कि साजिश के तहत गांव के ही दूसरे पक्ष के आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया गया है, क्योंकि सितंबर में गांव के ही कुछ लोगो से मारपीट हुई थी और उसी में केस चल रहा था। आज दोनों कोर्ट जा रहे थे। रॉन्ग साइड से ट्रैक्टर ने भाई-भाभी को टक्कर मारकर कुचल दिया है और फरार हो गया।

**शिकायत मिलने के बाद होगी कानूनी कार्रवाई : पुलिसः** घटना को लेकर सीगोरी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार शाह ने बताया कि चंढोस गांव के पास सड़क हादसे में बाइक सवार शख्स की मौत हुई है, जबकि एक महिला घायल है। फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अस्पताल भेज दिया गया है और घायल महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हालांकि घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक, ट्रैक्टर फरार है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है। फिलहाल घटना को लेकर मृतक के परिजनों के तरफ से कोई लिखित शिकायत अभी तक थाने में नहीं दी गई है। शिकायत मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में हाईवा ने स्कूली बच्चे को मारी टक्कर, घायल

**एजेंसी, पटना।**



♦ बहन के साथ स्कूल जाने के दौरान हुआ हादसा, गुस्साए लोगों ने ड्राइवर को पीटा, पुलिस से भी झड़प

पटना सिटी के बड़ी पहाड़ी पर सोमवार को स्कूल जा रहे भाई-बहन को एक हाईवा ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बहन बाल-बाल बच गई, जबकि उसका भाई अभिषेक कुमार (11) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों ने हाईवा के ड्राइवर की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलते ही अगमकुआं थाना सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने पुलिस के साथ भी धक्का-मुक्की की और सड़क जाम कर दिया।

**NMCH में ड्राइवर और PMCH में बच्चे का इलाज जारीः** पुलिस ने ड्राइवर को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एडमिट करवाया है। वहीं घायल बच्चे को पुलिस ने इलाज के लिए PMCH में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची ट्रैफिक थाने की पुलिस ने हाईवा को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि अभिषेक अपनी छोटी बहन के साथ बड़ी पहाड़ी स्थित स्कूल जा रहा था। अभिषेक कुमार मूल रूप से मुजफ्फरपुर का निवासी है, लेकिन पिता की मौत के बाद वह बड़ी पहाड़ी पर अपने मामा दीपेश कुमार के घर पर रहकर पढ़ाई करता है। लोगों ने बताया कि इस हादसे में अभिषेक घायल हो गया। वहीं घायल हाईवा ड्राइवर सियाराम कुमार राजारमपुर शेखपुरा का निवासी है। वह अपने घर शेखपुरा अपने घर लौट रहा था।

# BTSC के बाहर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**एजेंसी, पटना।**



♦ ITI अनुदेशक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग, आश्वासन पर माने अभ्यर्थी

बिहार कर्मचारी चयन आयोग की ओर से पिछले साल जून महीने में ITI अनुदेशक की बहाली निकली थी। 1 साल से अधिक होने के बाद भी अब तक उसका रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। रिजल्ट में हो रहे लेट को लेकर आज बिहार राज्य CITS प्रशिक्षित अनुदेशक अभ्यर्थी संघ के द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग (BTSC) के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने जमकर नारेबाजी की। वहीं अभ्यर्थी कुमार गौरव ने कहा कि अगर जल्द से जल्द रिजल्ट जारी नहीं होता है, तो आने वाले दिनों में हम लोग उग्र प्रदर्शन और भूख हड़ताल भी करेंगे। इस दौरान अभ्यर्थियों ने कहा कि आयोग रिजल्ट में ऐसा प्रक्रिया अपना रहा है, जिससे देरी हो रही है। सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी आयोग तांती-तत्वा के प्रकरण को लेकर पूरी भर्ती को अटका रही है। बिहार के ही अन्य आयोगों द्वारा उक्त प्रकरण में सरल प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसके तहत पोर्टल के माध्यम से NCL प्रमाण पत्र अभ्यर्थियों से अपलोड करवा लिया गया, लेकिन बिहार तकनीकी सेवा आयोग के द्वारा पोर्टल खोलने की सरल प्रक्रिया नहीं अपनाकर संबंधित जिलाधिकारी को मेल किया गया है। इसमें कोई भी समय सीमा निर्धारित नहीं की गई, जिसमें बहुत देर हो रहा है।

# टीचर पति-पत्नी की एक स्कूल में होगी पोस्टिंग

**एजेंसी, पटना।**



♦ महिला, दिव्यांग को पास के स्कूल में मिलेगी पोस्टिंग, सक्षमता पास बनेंगे विशिष्ट शिक्षक, नई पॉलिसी जारी

बिहार सरकार ने शिक्षकों के लिए ट्रांसफर का रास्ता साफ कर दिया है। सरकार की नई पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। इस पॉलिसी के तहत अब BPSC, पुराने शिक्षक और सक्षमता पास शिक्षकों को अब अपने जिले में रहने का मौका मिलेगा। इस दौरान, गंभीर रोग, मानसिक समस्या से ग्रसित शिक्षकों को तरजीह दी जाएगी। सिंगल महिला, विडो को भी प्राथमिकता दी जाएगी। अक्टूबर से इसका ऑनलाइन एप्लिकेशन लिया जाएगा। इसके लिए उन्हें 10 ऑप्शन दिए जाएंगे। दिसंबर में उनकी जॉइनिंग कराई जाएगी। सरकार के इस कदम से करीब 5 लाख शिक्षकों को फायदा मिलेगा। इनमें 1 से 8वीं क्लास तक के 4 लाख, वहीं 9 से 12वीं तक शिक्षक शामिल हैं। BPSC शिक्षक कई दिनों से ट्रांसफर पॉलिसी की मांग कर रहे थे। बिहार सरकार ने शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर आवेदन मांगे थे। 2022 में आवेदन लिया गया था। ग्रेड-पे शिक्षकों ने आवेदन भी दिया, लेकिन तबादला नहीं हो सका। तब ट्रांसफर-पोस्टिंग का मामला अटका हुआ था। ऐसे में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के इस ऐलान को शिक्षकों के लिए नीतीश सरकार की ओर से दुर्गा पूजा और दीपावली के गिफ्ट की तौर पर देखा जा रहा है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि अगर इस पॉलिसी में कुछ कमी रह जाती है तो कमिश्नर लेवल पर कमेटी गठित कर उस कमी को पूरा किया जाएगा। इस पर व्यापक पैमाने पर विचार-विमर्श किया गया है। नियोजित शिक्षकों को जॉइनिंग लेटर दी जाएगी। वह सरकारी सेवक होंगे।

**अनुकंपा पर 6 हजार पदों होगी बहाली, गेस्ट टीचर के लिए पॉलिसी नहींः** वहीं अनुकंपा पर 6 हजार 421 आश्रितों की बहाली होगी। कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। काफी दिनों से यह मामला लंबित था। सुनील कुमार ने बताया कि 2001 में महिलाओं की साक्षरता दर 34 % थी, वहीं आज 74% महिलाएं साक्षर हैं। गेस्ट टीचर के लिए फिलहाल कोई पॉलिसी नहीं है। राज्य में 1 करोड़ 82 लाख स्टूडेंट्स हैं। उन्हें पढ़ाने के लिए पांच लाख से अधिक शिक्षक हैं। TRE 3 की रिजल्ट में रोस्टर क्लियर नहीं है। कुछ जिलों में त्रुटियां हैं। उसे ठीक किया जा रहा है।

**12 जुलाई 2024 को डॉ. एस सिद्धार्थ ने बनाई थी कमिटीः** शिक्षा विभाग के नए ACS डॉ. एस सिद्धार्थ ने ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर 12 जुलाई 2024 को कमेटी का गठन किया था। शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव को कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया था। वहीं प्राथमिक और माध्यमिक निदेशक को कमेटी में सदस्य के रूप में नामित किया गया था। कमेटी को 15 दिन के अंदर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी।

# पटना में कुख्यात स्नेचर गिरफ्तार, 2 साथी फरार

**एजेंसी, पटना।**



♦ 15 दिन में 20 लोगों को बनाया निशाना, छिनतई के 4 मोबाइल और एक बाइक बरामद

पटना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कुख्यात स्नेचर आदित्य कुमार सहनी को गिरफ्तार किया है। जो उत्तरी मंदिरी इलाके का रहने वाला है। गांधी मैदान, गोलघर, डाक बंगला, बुद्धा कॉलोनी, बोरिंग रोड, मरीन ड्राइव, अटलपथ समेत शहरी इलाकों में वारदात को अंजाम देता था। मामले की पुष्टि सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने की है।

**2 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारीः** एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने कहा कि पिछले 15 दिन में 20 लोगों को निशाना बना चुका है। दो साथियों के साथ शहर में घूम-घूमकर लोगों को टारगेट करते थे। सुनसान इलाके में लापरवाह लोगों को निशाना बनाता था। अपराधी के पास से छिनतई के 4 मोबाइल और एक बाइक बरामद हुआ है। चोरी के मोबाइल को 2 से ढाई हजार रुपए में बेचा जाता था। दो अन्य साथियों की तलाशी के लिए छापेमारी चल रही है।

# पटना में अपराधियों ने बस कंडक्टर को मारी गोली, बस लेकर जा रहा था बेतिया

## बाइक सवार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

**एजेंसी, पटना।**



पटना के मसौढ़ी मोड़ पर रविवार की देर रात अपराधियों ने एक बस कंडक्टर को गोली मार दी। घायल स्थिति में कंडक्टर को इलाज के लिए पटना के PMCH में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आसपास के लोगों के साथ-साथ बस के ड्राइवर से पूछताछ कर रही है। घायल बस कंडक्टर की पहचान दीपक कुमार के रूप में हुई है, जो मुजफ्फरपुर का रहने वाला था। आसपास के बस के एजेंट ने बताया कि रविवार की सुबह बेतिया से बस लेकर पटना बैरिया बस स्टैंड पहुंचा था।

**फायरिंग के बाद फरार हुए आरोपीः** बताया जा रहा है कि दीपक कुमार वर्षों से बस का कंडक्टर करता आ रहा है। फिलहाल दीपक कुमार, सिंह ट्रैवल्स में पटना बेतिया बस में कंडक्टर का काम किया करता है। रविवार की सुबह वह बेतिया से बस में कंडक्टर के रूप में पटना बैरिया बस स्टैंड पहुंचा था। रविवार की रात वह बस लेकर बेतिया जा रहा था। इसी क्रम में जैसे ही दीपक कुमार मसौढ़ी मोड़ के नजदीक पहुंचा, बस वहां कुछ देर के लिए रुकी थी। इस बीच मोटरसाइकिल से आए अपराधियों ने दीपक कुमार को गोली मार दी। गोली लगते ही दीपक कुमार जमीन पर गिर पड़ा। इस बीच अपराधी मौके से फरार हो गए।

**CCTV कैमरा खंगाल रही है पुलिसः** सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने इसकी सूचना रामकृष्ण नगर थाने को दी। रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल स्थिति में दीपक कुमार को इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया है। घटना की पुष्टि करते हुए सदर DSP- 2 श्री सत्यकाम ने बताया कि अपराधियों की तलाश के लिए घटनास्थल के आसपास CCTV कैमरा खंगाला जा रहा है।

# इस्कॉन मंदिर अखाड़ा बना, साधुओं के दो गुट आपस में भिड़े

**एजेंसी, पटना।**



रविवार की रात पटना इस्कॉन मंदिर अखाड़ा बन गया। साधुओं के दो गुट आपस में भिड़ गए। एक गुट इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास उर्फ कन्हैया सिंह का है और दूसरा भागलपुर इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष रक्षक गिरिधारी दास का। भागलपुर इस्कॉन के अध्यक्ष ने पटना अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें एक शख्स अर्धनग्न हालत में है और पास खड़ी एक युवती चिल्ला रही है। वहीं ऑडियो में एक युवती और एक पुरुष की बातचीत है। दावा है कि पटना इस्कॉन अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास ने लड़की से छेड़खानी की है। मंदिर के पीआरओ नंद गोपाल दास ने कहा कि जिस वीडियो को जारी किया गया है वह सात साल पुराना है। पूरे मामले को लेकर दोनों गुट आमने-सामने आ गए। रविवार को मंदिर परिसर में ही कैंपस और मुख्य गेट के बाहर पुजारियों में जमकर मारपीट हुई। पूरा परिसर रणक्षेत्र बन गया। खूब लाठी-डंडे चले। बाल पुजारियों तक को निजी सुरक्षा गार्ड बाउंसरों ने बेरहमी से बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर डंडे से पीटा है। इस दौरान 12 से ज्यादा पुजारियों को चोट लगी। पुजारियों को मारपीट करता देख दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु भी दहशत में नजर आए। मारपीट की सूचना पर बीच-बचाव करने आई कोतवाली थाने की पुलिस को भी विरोध का सामना करना पड़ा। थाने पर शिकायत और इंसाफ की गुहार लगाने पहुंचे भागलपुर इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष रक्षक गिरिधारी दास और प्रेसिडेंट पटना इस्कॉन मंदिर कृष्ण कृपा दास से DSP लॉ एंड ऑर्डर कृष्ण मुरारी प्रसाद ने पूछताछ की। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं।

**सुलह के लिए पटना बुलाया, फिर पीटाः** भागलपुर इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष रक्षक गिरिधारी दास के पक्ष का कहना है कि उन्होंने पटना इस्कॉन मंदिर में हो रही गड़बड़ी, पैसों के गबन और महिला श्रद्धालुओं से अश्लील हरकत और छेड़खानी, ब्रह्मचारियों के साथ हो रही मारपीट के खिलाफ आवाज उठाई। मामलों की शिकायत इस्कॉन के गवर्निंग बॉडी कमीशन (जीबीसी) कोलकाता से की थी। इसके बाद से यह गुट हमलोगों पर भड़का हुआ था। काफी समय से मंदिर में गलत चीजें हो रही थी। इसी सिलसिले में आज पटना सुलह के लिए बुलाया गया था। सुलह करने गए तो इसी दौरान मारपीट की गई। दौड़ा-दौड़ाकर बाउंसरों के द्वारा पीटा गया। वहीं पटना इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास का कहना है कि मंदिर अथॉरिटी में गिरिधारी दास अपनी भागीदारी चाहते हैं। भागलपुर ट्रांसफर होने के बाद भी यहां रह रहे थे। इसी को लेकर झड़प हुई है।

**अश्लील वीडियो आया सामनेः** पटना के प्रेसिडेंट कृष्ण कृपा दास का एक अश्लील वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वो एक युवती के साथ नग्न अवस्था में दिख रहे हैं। हालांकि इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि हम नहीं करते हैं। इस वीडियो को लेकर गिरिधारी दास के पक्ष ने रेप का गंभीर आरोप लगाया है। गिरिधारी दास का कहना है कि वीडियो मंदिर परिसर का नहीं है। किसी निजी होटल का है।

**क्या कहती है पुलिसः** डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि मंदिर जैसे सार्वजनिक स्थल पर इस तरह की घटना कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है। किस स्तर पर कमी रही, इस सिलसिले में हाइयर ऑथरिटी से भी बातचीत की जाएगी। प्रथम पक्ष के द्वारा जो आरोप लगाया जा रहा है, उसकी भी जांच की जाएगी। दोनों पक्षों से पूछताछ की गई है। पुलिस ने बताया कि रक्षक गिरिधारी दास की ओर से अभी आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस आवदेन के इंतजार में है। जबकि दूसरे पक्ष कृष्ण कृपा दास की ओर से कुंदन कुमार उर्फ प्रेम दास ने आवेदन दिया है। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस्कॉन मंदिर की सुरक्षा में तैनात प्रवीण कुमार भारती को भी चोट लगी है। उन्होंने भी थाने में शिकायत की है। एक पुलिस कॉन्स्टेबल प्रवीण के हाथ में भी चोट लगी है।

## शिक्षक संघ ने ट्रांसफर-पोस्टिंग पॉलिसी पर जताई आपत्ति

# कहा- हर 5 साल में जबरन ट्रांसफर क्यों, यह समझ में नहीं आ रहा है

**एजेंसी, पटना।**



बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत लाखों शिक्षकों के तबादले का इंतजार खत्म हो गया है। सरकार ने शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए नई पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। इस पॉलिसी के तहत अब BPSC, पुराने शिक्षक और सक्षमता पास शिक्षकों को अपने जिले में रहने का मौका मिलेगा। शिक्षकों का इसी साल ट्रांसफर किया जाएगा। वहीं, नई पॉलिसी जारी होने के बाद शिक्षक संघ अपना विरोध जताया है। संघ की ओर से कई बिंदुओं पर आपत्तियां जताई गई है। ट्रांसफर नियमावली के अनुसार पुरुषों का गृह अनुमंडल में पोस्टिंग नहीं मिलेगी। कई जिलों में एक ही अनुमंडल है, वहां क्या होगा? यह बाध्यता पुरुष शिक्षकों के साथ ही क्यों? शिक्षिकाओं के लिए गृह पंचायत में पोस्टिंग नहीं होने की बाध्यता है। वही नियम पुरुषों के लिए भी होना चाहिए। किसी भी शिक्षिका की पोस्टिंग उसके गृह नगर निकाय या वर्तमान नगर निकाय में भी नहीं होगी। यह शहरी क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं पर बहुत बड़ा जुल्म है। शहरी क्षेत्र की महिलाओं की पोस्टिंग सुदूर गांव में क्यों? अपने गृह नगर निकाय में उनकी पोस्टिंग से आखिर दिक्कत क्या है? असाध्य रोगों से ग्रसित एवं दिव्यांग शिक्षकों को भी अपने गृह पंचायत या नगर निकाय में पोस्टिंग नहीं मिलेगी। ये कैसा नियम है? इन दोनों समूह वर्गों के शिक्षकों को तो अपने घर के सबसे नजदीक विद्यालय में पोस्टिंग मिलनी चाहिए। चाहे वो उनका गृह पंचायत हो या नगर निकाय। इस नियमावली में सबसे खराब प्रावधान है, हर 5 साल में जबरन ट्रांसफर। यह समझ में नहीं आ रहा है। आज तक पूरे इतिहास में कभी शिक्षकों के लिए जबरन ट्रांसफर का प्रावधान नहीं रहा है। फिर इस बार ऐसा क्यों? क्या हर 5 साल में सरकार ट्रांसफर के माध्यम से अवैध कमाई करना चाहती है? इस नियमावली से सबसे ज्यादा फायदा यूपी और झारखंड के शिक्षकों को है। उन पर गृह नगर निकाय या अनुमंडल वाला नियम लागू ही नहीं होगा। उन्हें आराम से शहरी क्षेत्रों में पोस्टिंग मिल जाएगी। बिहार की महिलाएं गांवों में और बाहर की महिलाएं शहरों में, ऐसा क्यों? संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित विक्रम का कहना है कि सरकार ने शिक्षक संघों से बिना सुझाव लिए नई पॉलिसि बना दी है। इसमें व्यापक अनियमितताएं और भेदभावपूर्ण प्रावधान हैं। उक्त नीति पर अभी भी शिक्षक संघ के साथ बैठक करने की जरूरत है। ताकि आवश्यक बदलाव किए जा सकें। ऐसी स्थिति में मामला हाई कोर्ट तक जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

# मध निषेध अधिनियम में मझोलिया में पांच धराये

### 08 लीटर चुलाई शराब जब्त

**चाणक्य भूमि,मझोलिया**।सोमबार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के नौतन खुर्द समेत अन्य स्थलों से बिहार मध निषेध अधिनियम के तहत दो शराब के धंधेबाज तथा तीन पियक्कड़ को 08 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।जानकारी एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि जेल भेजे गए अभियुक्तो में कांड संख्या 596/24 तथा 597/24 के अभियुक्त शामिल है।उन्होंने बताया सोमबार को बिट्टू पासवान, धर्मेंद्र कुमार, इरफान अंसारी, मंजय साह, तथा विक्रम महतो को जेल भेजा गया।

# स्वालंबन का राह पकड़ा मझौलिया का एक हॉकर

### मोमबती व खल्ली का खोला लघु उद्योग

**चाणक्य भूमि मझोलिया** ।मुख्यमंत्री लघु उद्योग योजना के तहत सोमबार को इकरा गैस एजेंसी मझोलिया के निकट परी इंटरप्राइजेज मोमबती और खल्ली बनाने के कारखाना का उदघाटन मौलाना मो. असलम ने किया। परी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर तथा अखबार का हॉकर फिरोज अंसारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लघु उद्योग के खुलने से तत्काल उसका परिवार स्वालम्बन की राह पर है।इसके लिए उन्होंने सीएम का आभार व्यक्त किया।सीएम योजना के तहत ही दो लाख रुपये का लोन मिला । उन्होंने कहा कि मोमबत्ती और खल्ली की आपूर्ति दुकानदारों को सस्ते मुल्य पर की जायेगी। किया जायेगा।मौके पर अक़दस आलम, दिनेश शर्मा, बृजमोहन प्रसाद चौरसिया, रतन महतो, रामेश्वर प्रसाद चौरसिया मुन्ना गिरी ,जटाशंकर दुबे, परवेज अंसारी ,तबरेज अंसारी, हसन अंसारी, अधिवक्ता आशिक अंसारी आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।बताते चले कि पहले दिन ही मोमबति और खल्ली की अच्छी बिक्री हुई।मध्यम वर्गीय परिवार के लोग खुश है, और इन्होंने सीएम नीतीश कुमार तथा उद्योग विभाग बेतिया के अधिकारियों को मदद के लिये बधाई दिया है।परिवार की महिला सदस्य रुबीना खातून ने बताया कि उनका लड़का बेरोजगार था।।मुख्यमंत्री उधमी योजना से अब उसकी किस्मत में निखार आयेगा।

# चक्रसन में मनेगा कर्मा धर्मा का महापर्व,तैयारी में जुटे आदिवासी

**चाणक्य भूमि /मैनाटाड़**। मानपुर थाना क्षेत्र के चक्रसन में कर्मा धर्मा महापर्व और चंपारण आदिवासी उरांव महासभा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए अभी से सभी गांव के गुमास्ता अपने-अपने दायित्व के लिए तैयार हो जायें ।प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी कार्यक्रम अपने निर्धारित तिथि आगामी 13 अक्टूबर को मनाया जायेगा।उक्त बातें चंपारण आदिवासी उरांव महासभा के अध्यक्ष जयप्रकाश उरांव ने आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही ।आदिवासियों का महापर्व कर्माधर्मा चक्रसन गांव में ही मनाया जायेगा ।इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। लगभग सभी आदिवासी गांव के गुमास्ताओं की इसकी जवाबदेह दी गयी है। बैठक का संचालन करते हुए शंभू उराव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बगहा सांसद को बनाने पर चर्चा की गयी।बैठक में उपाध्यक्ष पवन उराव, सचिव सुजीत उरांव, धर्मदेव उराव,उमेश उराव,वीरेंद्र उराव,महात्मा उराव,दिनेश उराव, जंगबहादुर उराव ,शंकर उराव ,अजय उराव,करण उराव, मनोहर उरांव आदि शामिल रहें।

# आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 238 पर गोद भराई दिवस आयोजित



**चा० भूमि मोतिहारी**। ग्राम पंचायत राज गोढवा के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 238 पर गोद भराई दिवस के अवसर पर मुखिया राजू बैठा के द्वारा से वस्त्र, फल एवं श्रृंगार सामग्री देकर गोद भराई का रसम ग्राम पंचायत राज के सौजन्य से किया गया। ग्राम पंचायत राज गोढवा के मुखिया के तरफ से हर दिवस पर पांच महिलाओं को गोद भराई किया जायेगा। आज प्रियंका कुमारी, अनुराधा कुमारी प्रियंका कुमारी 1सुनीता कुमारी का गोद भराई रसम किया गया। गोद भराई कार्यक्रम में रीना सिंह, सारिका सी 3, शंकर दास सरपंच, प्रेम चंद कुमार कुशवाहा, रीता देवी वार्ड सदस्य, अनिता देवी मुकेश कुमार साह, मो तबरेज, चंदेश्वर कुमार सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद थीं ।

# तीन दिवसीव जिला युवा उत्सव का जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ



**चा० भूमि मोतिहारी**। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में तीन दिवसीय जिला युवा उत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने इस उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आप सभी के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म है यह आप सभी के प्रगति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। आप बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करें और जिला का नाम रोशन करें। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तर आयोजित कार्यक्रम में अवसर मिलेगा और वहां से भी अगर सफलता मिलती है तो राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी के द्वारा सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी गई।उद्घाटन के बाद आज के कार्यक्रम की रंगारंग शुरुआत की गई। जिसमें 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिले भर के सभी प्रमुख उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अन्य युवाओं ने भाग लिया। आज मुख्यतः तीन विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन इस प्रकार से रहा - समूह नृत्य में प्रभावती गुप्ता प्लस टू विद्यालय, जी ने बाजी मारी। एकल नृत्य में अंगिका कुमारी-प्रथम, श्रेया कुमारी- द्वितीय, सौरव कुमार- तृतीय स्थान प्राप्त किये। लोकगीत में मुकेश कुमार द्विवेदी- प्रथम, उत्कर्ष रंजन झा-द्वितीय तथा सिमरन सहाय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समन्वय कर्ता के रूप में शिक्षक नागेंद्र प्रसाद पिपराकोठी तथा मंच संचालन आदित्य मानस ने किया।

# आधारभूत संरचना एवं समग्र विकास के लिए हटेगा अतिक्रमण

चाणक्य भूमि मधुबनी/बिहार

**» डीएम ने अतिक्रमण अभियान चलाने का दिया आदेश**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मधुबनी नगर निगम क्षेत्र में आवश्यकतानुसार आधारभूत संरचना एवं समग्र विकास को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा के तुरंत बाद अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान चलाए। आगे उन्होंने कहा कि लगातार अभियान चलाते रहे ताकि अतिक्रमण को स्थायी रूप से खत्म किया जा सके।आगे उन्होंने बताया कि भेंडिंग जोन निर्माण एवं थोक मंडी के लिए भूमि चयन के लिए शीघ्र प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। आगे जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जब तक भेंडिंग जोन निर्माण हेतु भूमि चयन नहीं हो जाता है, तब तक अस्थाई रूप से ठेला लगाने के लिए कम भीड़ भाड़ वाली सड़क के किनारे स्थान चिन्हित करें साथ ही चिन्हित स्थल पर ठेला लगवाने के लिए फुटकर विक्रेताओं को प्रोत्साहित भी करें। जिलाधिकारी ने मधुबनी ट्रेचिंग ग्राउंड में बेटमिंटन कोर्ट निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। साथ ही और कहा कि स्टेशन के सामने जमीन की नापी एवं सीमांकन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध करवाए। जमीन मापी के उपरांत अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु सख्ती के साथ करवाई करें। आगे समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी के द्वारा नगर निगम, मधुबनी के समग्र विकास हेतु शहर में नाला निर्माण एवं सफाई, रोड अतिक्रमण, नल जल, यातायात की समस्या आदि को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर में सड़क व नाले की सफाई तथा जल जमाव की स्थिति का अविलंब निष्पादन करना सुनिश्चित करे। आगे कहा कि कोतवाली चौक, सकरी चौक, पुलिस केंद्र तथा शहर के अन्य हिस्सों के होने वाली जलजमाव की समस्या को प्राथमिकता में रखते हुए उनका शीघ्र निराकरण करें। आगे यातायात की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने ट्रैफिक डीएसपी को निर्देश दिया कि शहर में ट्रैफिक पोस्ट निर्माण हेतु उपलब्ध करवाए गए तथा तेजी से करवाई करे। ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति की बात पर उन्होंने कहा कि कोतवाली चौक से लेकर थाना मोड़ तक नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों को चिन्हित कर वाहन मालिकों को प्रतिदिन जुर्माना नोटिस जारी करें, आगे उन्होंने बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं यातायात उपाधीक्षक को लगातार शहर में अतिक्रमण व अवैद्य वाहन पार्किंग के खिलाफ सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया। स्टॉर्म ड्रेनेज निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सहायक अभियंता उप परियोजना निदेशक बुडको को निर्देश दिया कि नाला निर्माण कार्य में अधिक से अधिक मजदूर लगाकर कार्य में तेजी लाएं अन्यथा कारवाई के लिए तैयार रहें। उक्त समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त अनिल चौधरी, एडीएम आपदा संतोष कुमार, डीपीआरओ परिमल कुमार, डीसीएलआर सदर, डीटीओ मधुबनी, यातायात उपाधीक्षक, अंचल अधिकारी रहिका व पंडौल सहित सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में दुर्गा पूजा को ले निकाला गया फ्लैग मार्च



चा ० भूमि ,मैनाटाड़

दुर्गापूजा को सौहार्द पूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में है। सीमावर्ती क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को शांति का पैगाम दिया गया।भंगहा थाना क्षेत्र के भंगहा, सिसवा ताजपुर ,धुमाटाड़, नगरदेही आदि गांवों में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में नवरात्रि को मनाने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च में एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर सरफराज अहमद, सीओ आशीष आनंद,भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से दुर्गापूजा के मौके पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, सरकार के निर्देशों का पालन करने, अफवाहों से बचने, संदिग्धों के बारे में पुलिस को सूचना देने, डीजे नहीं बजाने समेत सरकार के दिशा-निर्देश को मानने की अपील की गयी। पूजा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गापूजा को लेकर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह है। पुलिस चिन्हित जगहों पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। पूजा के दौरान क्षेत्र में जिला से भी पुलिस बल के साथ साथ दंडाधिकारी की तैनाती की जायेगी। मौके पर पुलिस और एसएसबी के जवना शामिल रहें।

# पावर पेट्रोल भरवाओ,इनाम पाओ अभियान के तहत लखराज गद्दी को मिला हीरो का बाइक

चा० भूमि गौनाहा



**» एचपीसीएल कंपनी द्वारा दिया गया इनाम**

**गौनाहा**। पावर पेट्रोल भरवाओ,इनाम पाओ,अभियान के तहत सोमवार को मठ मंझरिया पेट्रोल पंप पर मंझरिया पंचायत के कामता राजपुर गाँव निवासी लखराज गद्दी को इनाम में हीरो का एचएफ डीलक्स बाइक दिया गया।पेट्रोल पंप के मालिक हरिनारायण यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष पावर पेट्रोल भरवाने पर ग्राहकों को इनाम दिया जाता है।यह इनाम एचपीसीएल कंपनी द्वारा पावर पेट्रोल भरवाने पर दिया जाता है।उनका कहना यह कि पावर पेट्रोल के प्रति ग्राहकों को जागरूक करने के लिए यह इनाम दिया जाता है।मठ मंझरिया एचपी पेट्रोल पंप के मैनेजर संजीत राम ने बताया कि बाइक में पावर पेट्रोल भरवाने पर गाड़ी का माइलेज बढ़ जाता है।उनका कहना था कि 300 रुपए का पावर पेट्रोल भरवाने पर यह इनाम दिया जाता है।मैनेजर संजीत राम ने बताया की एचपीसीएल कंपनी ग्राहकों में इनाम देने वाले ब्यक्ति का चयन करती है।पावर पेट्रोल भरवाने पर लखराज गद्दी को बाइक मिलने पर लोगो मे पावर पेट्रोल भरवाने के प्रति जागरूकता बढ़ी है।मंझरिया व बजडा पंचायत में बाइक इनाम में मिलने पर चर्चा जोरों पर है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुआ गोद भराई कार्यक्रम रस्म का आयोजन

चा ० भूमि,मैनाटाड़



गोद भराई दिवस के अवसर पर सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ । प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों पर सात से नौ महीने की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की गई।महिलाओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर माथे पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। पौष्टिक पदार्थ भी भेंट किए गए। आंगनबाडी सेविका किरण कुमारी ने बताया कि सभी महिलाओं को अपने दैनिक जीवन में स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में पोषण की जरूरत होती है। पोषण की कमी होने से महिला में खून की कम हो जाता है। जिससे कुपोषण का शिकार हो जाती है। इस मौके पर पर्यवेक्षिका मेनिका मुन्नी ने कहा कि यह योजना विलुप्त होने के कगार पर था ।बाल विकास परियोजना द्वारा इस कार्यक्रम को गांव की महिलाओं के बीच करने से जागरूकता बढ़ी है। इस अवसर महिलायें मौजूद रहीं।

# स्वच्छता कर्मी डोर टू डोर करें सुखे व गीले कचरे का उठाव - बीडीओ



चा० भूमि गौनाहा

**गौनाहा**। बजड़ा पंचायत के पिपरा कॉलोनी चौक पर सोमवार को बीडीओ शिवजन्म राम ने गीला व सूखा कचरा के उठाव हेतु स्वच्छता कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त चौक पर साइकिल व ई-रिक्शा चालक को बीडीओ शिजन्म राम , प्रखंड समन्वयक विनोद कुमार, पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार व मुखिया जयप्रकाश महतो ने सभी स्वच्छता कर्मियों को गीला व सूखा कचरा उठाव हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्वच्छता कर्मी पंचायत के प्रत्येक गांव व मोहल्ले में जाकर सुखे व गीले कचरे का उठाव करें। कोई घर छूटने नहीं पाए। गांव व मोहल्ले के कचरे अगर सड़ते हैं तो वातावरण दूषित होगा तथा विभिन्न तरह की बीमारियां फैलेगी। स्वच्छता अभियान के तहत कचरे के उठाव पर बल दिया गया।मौके पर उपस्थित पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक कमलेश प्रसाद यादव को सुझाव देते हुए बीडीओ ने कहा कि सभी स्वच्छता कर्मियों पर विशेष ध्यान रखना होगा ताकि प्रतिदिन डोर टू डोर जाकर स्वच्छताकर्मी कचरे का उठाव कर सके। इस मौके पर उदयभान गुप्ता, लालजी राम व सभी वार्ड सदस्य व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# जिले के हाइड्रोसिल फ़ाइलेरिया मरीजों का मुफ्त आपरेशन





चा० भूमि मोतिहारी

जिले के हाइड्रोसिल मरीजों का अनुमण्डलीय अस्पतालों में ही चिकित्सकों द्वारा मुफ्त आपरेशन किया जा रहा है। मरीजों के लाइन लिस्टिंग व व्यवस्था को लेकर अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी सीएस को पत्र भेजकर अवगत कराया है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कार्यक्रम में सहयोग करने, मरीजों की लाइन लिस्टिंग कर मार्च 2025 तक सभी हाइड्रोसिल मरीजों के शल्य चिकित्सा कराये जाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 1465 हाइड्रोसील के मरीज हैं। लाईन लिस्ट के अनुसार सभी चिन्हित हाइड्रोसिल मरीजों की शल्य चिकित्सा कराये जाने को लेकर राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने सभी बैकलॉग को मार्च 2025 तक समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में सभी 27 प्रखंडों के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि 1465 हाइड्रोसिल मरीजों को लाईन लिस्टिंग के अनुसार चिन्हित कर इनकी शल्य चिकित्सा कराना सुनिश्चित करें। इस हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र / रेफरल अस्पताल / जिला अस्पताल / अनुमंडलीय अस्पताल प्रक्रिया का पालन करते हुए कैम्प मोड पर शल्य चिकित्सा शिविर लगाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करना सुनिश्चित करें। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्राइवेट अस्पताल में भी हाइड्रोसिल मरीजों के शल्य चिकित्सा हेतु प्रोत्साहन करते हुए ऑपरेशन किये गये आँकड़ों को भी इसमें शामिल करें। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्रचार-प्रसार एवं मोबिलाइजेशन पर ध्यान दें ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य मार्च 2025 तक प्राप्ति किया जा सके।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित



चा० भूमि मोतिहारी

जिले के समाहरणालय के NIC में मुख्यमंत्री बिहार नितीश कुमार के कर कमलों द्वारा 'ग्रामीण विकास विभाग' अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों को योजना की राशि का हस्तांतरण विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल उप विकास आयुक्त शिव शरण पाण्डेय जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान, DRDA डायरेक्टर जय राम चौरसिया , LSBA के जिला समन्वयक गौतम कुमार सहित दर्जनों जीविका दीदियाँ उपस्थित रही। जीविका परियोजना के सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत जिले के 1245 लाभुकों को दो करोड़ संतानवे लाख रुपए , 317 जीविका स्वंय सहायता समूहों एवं 154 ग्राम संगठनो हेतु 10 करोड़ रुपए सहित जिले के विभिन्न बैंकों से 1146 समूहों हेतु 23 करोड़ 5 लाख 50 हज़ार रुपए हस्तांतरित किये गए। आज के इस कार्यक्रम में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत 1 लाख 50 हजार पात्र लाभुकों को प्रति लाभार्थी 12,000/- रुपये की दर से कुल 180 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि का भी हस्तांतरण किया गया। ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत 1.10 लाख लाभार्थियों को आवास की स्वीकृति देते हुए 1.05 लाख लाभार्थियों को 420.98 करोड़ रूपये की राशि प्रथम किस्त के रूप में भुगतान किया गया।

# एसपी ने किया नरकटियागंजमें पूजा पंडाल का निरीक्षण



चाणक्य भूमि, बेतिया

**बेतिया**। पुलिस जिला के नरकटियागंज के सभी दुर्गा पूजा पंडालो का निरीक्षण आज बेतिया एसपी शौर्य सुमन ने किया l दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर एसपी शौर्य सुमन ने नगर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया।एसपी ने पूजा पंडालों में जाकर समिति के सदस्यों से फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया । इस संबंध मे उन्होने बताया कि पूजा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पूरे जिले में पुलिस अधिकारियों व जवानों को लगाया गया है। नरकटियागंज में इस बार अत्यधिक भीड़ को लेकर एसएसबी से भी सहयोग लिया जाएगा,ताकि मेला अथवा पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो सके।उन्होंने बताया कि इस बार सभी पूजा पंडालों में महिला सिपाहियों की भी तैनाती रहेगी।सादे लिबास में भी पुलिस अधिकारी व जवान तैनात किये जायेंगे। उन्होंने दुर्गा पुजा समिति के सदस्यों से पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। एसपी ने गोपाला ब्रह्मस्थान पूजा पंडाल से निरीक्षण के बाद देवी स्थान समेत अन्य पूजा पंडालों में भी जाकर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। मौके पर एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह,थानाध्यक्ष अवनीश कुमार,इंस्पेक्टर राजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# वनकर्मी की मदद से ही तस्करी का अंदेशा

चाणक्य भूमि स. सूत्र



**» वनकर्मी के घर से 2 पीस सागवान, 1 पीस शीशम की गुल्ली, 15 पीस पटरा और 9 पीस चौखट जब्त किए गए**

गुप्त सूचना के आधार पर वन प्रमंडल-2 के प्रशिक्षु डीएफओ स्टालिन फीडर के नेतृत्व में मदनपुर वन क्षेत्र के वन कर्मी श्रीकिशुन यादव के घर छापेमारी की गई। इस दौरान श्रीकिशुन यादव के घर से 2 पीस सागवान, 1 पीस शीशम की गुल्ली, 15 पीस पटरा और 9 पीस चौखट जब्त किए गए। श्रीकिशुन कुमार यादव वन विभाग में कैटल गार्ड के रूप में कार्यरत है।मामले में वन प्रमंडल दो के संलग्न डीएफओ स्टालिन फिडर कुमार ने बताया कि छापेमारी की गई और जब्ती भी हुई है। उन्होंने कहा की अभी अनुसंधान जारी है।

इसके अलावा वन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर बगहा वन क्षेत्र अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में कैलाशनगर के पास गंडक नदी के किनारे छापेमारी की गई। इस दौरान 12 पीस शीशम की गुल्ली जब्त की गई, इसे पेशेवर अपराधियों ने नदी में छिपा रखा था। छापेमारी के दौरान अपराधी फरार हो गए। उनके खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया है।

# भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

एजेंसी, ग्वालियर



भारत ने तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को सात विकेट से मात दी है।पहले भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान बल्लेबाजों की परीक्षा ली और टीम को 127 पर ऑलआउट कर दिया।इसके बाद भारतीय बल्लेबाजों ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की बखिय उधेड़ी और 49 गेंद शेष रहते 128 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हार्दिक पांड्या ने छक्का मारकर टीम को जीत दिलाई।

128 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम जल्दबाजी में थी और अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने तेजी से रन बनाने शुरू किए। हालांकि अभिषेक जल्दी ही रन आउट हो गए। उन्होंने 7 गेंदों में 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए। संजू ने 19 गेंदों में 29 रन बनाए। अपनी पारी में संजू ने 6 चौके लगाए। जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 14 गेंदों में 29 रन ठोक डाले। इस दौरान सूर्या ने 3 छक्के और 2 चौके लगाए। आखिर में पांड्या ने 16 गेंदों में नाबाद 39 रन और नीतीश रेड्डी ने नाबाद 16 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। भारत ने 11.5 ओवरों में 3 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश के लिए मुस्तफिजुर रहमान और मेहदी हसन मिराज को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम 19.5 ओवरों में ऑल आउट होने तक 127 रन बनाए। इस दौरान मेहदी हसन मिराज ने 35 रनों की अच्छी पारी खेली। उन्होंने 32 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौके लगाए। जाकिर अली ने एक छक्के की मदद से 8 रन बनाए। कप्तान शंटो ने 25 गेंदों में 27 रन का योगदान किया। आखिर में तस्कीन अहमद के 12 रन और परवेज हुसैन के 8 रन की मदद से टीम 127 तक पहुंच सकी। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और वरुण चौधरी ने 3-3 विकेट लिए। जबकि मयंक यादव, हार्दिक पांड्या और वाशिंगटन सुंदर को 1-1 सफलता मिली।

## टीम इंडिया की जीत पर ग्वालियर में मना जश्न, तिरंगा लेकर झूमे प्रशंसक

एजेंसी, ग्वालियर



मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में नवनिर्मित श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्टेडियम में रविवार की रात भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैच की टी-20 श्रृंखला का पहला मुकाबला खेला गया। भारत ने यह मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेशी टीम 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में भारत ने 11.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की जीत के बाद शहर में जमकर जश्न मना। स्टेडियम से बाहर निकले प्रशंसक तिरंगा लेकर झूमने लगे। उन्होंने इंडिया-इंडिया के नारे लगाए। दरअसल, ग्वालियर में 14 साल बाद अंतरराष्ट्रीय मैच खेला गया। श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश के बीच हुए इस मुकाबले को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैच को देखने जबलपुर, छिंदवाड़ा समेत अन्य शहरों से भी लोग पहुंचे। दूसरे राज्यों से दर्शक यहां आए थे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद रहे। उन्होंने दर्शकों का अभिवादन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां के लोगों के लिए यह गौरवशाली क्षण है।

## जयसूर्या श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त

एजेंसी, नई दिल्ली




पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सनथ जयसूर्या को श्रीलंका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह इससे पहले टीम के अंतरिम मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें पूर्णकालिक मुख्य कोच का दर्जा दे दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि श्रीलंका क्रिकेट सनथ जयसूर्या को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा करता है। एसएलसी ने आगे लिखा कि श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया दौरों में टीम के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है, जहां जयसूर्या 'अंतरिम मुख्य कोच' के रूप में प्रभारी थे।

श्रीलंका क्रिकेट ने बताया कि उनकी यह नियुक्ति एक अक्टूबर, 2024 से प्रभावी होगी तथा 31 मार्च 2026 तक रहेगी। जयसूर्या के अंतरिम मुख्य कोच रहने के दौरान श्रीलंका टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कुछ महीने पहले श्रीलंका टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ घरेलू मैदान पर टी20 सीरीज हारने के बाद वनडे सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम बराबरी पर समाप्त हुआ और फिर अगले दो गेम जीतकर तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। इसके बाद इंग्लैंड की सरजमीं पर भी श्रीलंका ने टेस्ट मैच जीता। फिर न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज भी 2-0 से अपने नाम की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जयसूर्या के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 110 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 6973 रन बनाए और और 98 विकेट भी चटकाए। वहीं 445 वनडे मैचों में उन्होंने 13,430 रन बनाए। वनडे मैचों में 323 विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा 31 टी20 मैचों में 629 रन बनाए हैं।

## महिला टी-20 विश्व कप: भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह कठिन, यह है पूरा समीकरण-

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान को दुबई में पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत के साथ पुनर्जीवित किया, जबकि पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड से 52 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से भारत को ग्रुप ए में अपने पहले अंक मिले, जबकि पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराकर अपना खाता पहले ही खोल लिया था। ग्रुप-स्टेज के दो मैच बचे हैं, ऐसे में भारत को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए दोनों मैच जीतने होंगे। प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी और भारत अधिकतम छह अंक तक पहुंच सकता है। उस स्थिति में, यदि न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है, तो भारत के लिए क्वालीफाई करने के लिए छह अंक पर्याप्त होंगे, बशर्ते पाकिस्तान अपने बचे हुए मैचों में से केवल एक ही जीत ले। यदि पाकिस्तान और भारत अपने बचे हुए प्रत्येक मैच जीत जाते हैं और न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत जाता है, तो छह अंकों पर तीन-तरफ़ा टाई होगी जिसे नेट रन रेट के माध्यम से हल किया जाएगा। अगर भारत श्रीलंका को हराने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार जाता है, तो उसकी क्वालीफिकेशन की उम्मीदें दूसरे नतीजों पर निर्भर होंगी। इसके लिए न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों से हारना होगा या ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना होगा। उस स्थिति में, तीन टीमें चार अंकों पर बराबर होंगी और नेट रन रेट दूसरे क्वालीफायर का निर्धारण करेगा।

## पाकिस्तान ने जाहिद महमूद और नोमान अली को टीम से किया बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली

पाकिस्तान ने मुल्तान में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से लेग स्पिनर जाहिद महमूद और बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स नोमान अली को अपनी टीम से बाहर कर दिया है। क्रिकबज के अनुसार, पाकिस्तान ने केवल पहले टेस्ट के लिए अपनी टीम की घोषणा की थी, जिसमें महमूद को देर से शामिल किया गया था, जो 16वें खिलाड़ी थे। लेग स्पिनर को पाकिस्तान द्वारा शुरुआती टेस्ट के लिए 15 खिलाड़ियों की घोषणा करने के एक दिन बाद जोड़ा गया था। उन्होंने केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं, जो दिसंबर 2022 में इंग्लैंड के पिछले पाकिस्तान दौरे के दौरान आए थे और चार पारियों में 12 विकेट लिए थे। अली पिछले साल तक पाकिस्तान की टीम में नियमित रूप से शामिल थे। उन्हें पिछले दिसंबर में तीव्र अपेंडिसाइटिस के कारण पाकिस्तान के टेस्ट दौरे की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलिया से स्वदेश लौटना पड़ा था और अगस्त और सितंबर में बांग्लादेश के दो टेस्ट के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम में उनका नाम नहीं था। पाकिस्तान ने अपनी टीम में 15 खिलाड़ियों को शामिल किया था और चोटिल खुर्रम शहजाद की जगह अली को शामिल किया था।

## विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड महिला टीम तीन वनडे मैचों के लिए करेगी भारत का दौरा

एजेंसी, नई दिल्ली



न्यूजीलैंड की महिला टीम अहमदाबाद में चल रहे टी20 विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगी। ये तीन मैच क्रमशः 24, 27 और 29 अक्टूबर को खेले जाने हैं, जो आईसीसी महिला एकदिवसीय चैम्पियनशिप 2022-25 का हिस्सा हैं। न्यूजीलैंड को पिछले साल इस दौरे के लिए आना था, लेकिन 2023 की भारतीय टीम की व्यस्त सर्दियों के कारण इस श्रृंखला को स्थगित करना पड़ा, जिसमें डब्ल्यूबीबीएल के नौवें संस्करण के समापन के बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो एक-एक टेस्ट मैच शामिल थे। चैंपियनशिप पॉइंट्स के साथ, दोनों टीमों के पूरी ताकत से खेलने की उम्मीद है, जिसका मतलब है कि ए-लिस्टर्स डब्ल्यूबीबीएल 2024 में अपनी-अपनी टीमों के कम से कम पहले दो राउंड मिस कर सकते हैं, जो दूसरे वनडे के साथ ही शुरू होगा। इस साल छह भारतीय ऑस्ट्रेलियाई लीग में जा रहे हैं, जिनमें उप-कप्तान स्मृति मंधाना भी शामिल हैं। डब्ल्यूबीबीएल के समापन के बाद, 1 दिसंबर को, भारतीय टीम को 5-11 दिसंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलने हैं। न्यूजीलैंड वर्तमान में 10 टीमों की आईडब्ल्यूसी स्टैंडिंग में छठे स्थान पर है, जिसने अब तक अपने 18 वनडे में से केवल आठ जीते हैं। 2025 के वनडे विश्व कप की मेज़बानी करने के कारण भारत को इस मेगा इवेंट के लिए स्वतः ही क्वालिफाई करना होगा। इस शोपीस इवेंट से पहले महिला टीम को ज़्यादा से ज़्यादा जगहों पर खेलने का मौका देने के लिए, बीसीसीआई ने नए बने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेल आयोजित करने का फैसला किया है।

# व्यापार

## भारत-मालदीव के बीच रुपे कार्ड से भुगतान शुरू, 200 से अधिक देशों में मान्य

एजेंसी, नई दिल्ली



मालदीव में रुपे कार्ड की शुरुआत हो गई है। मालदीव के एक स्थानीय स्टोर पर एक उपभोक्ता ने सोमवार को रुपे कार्ड का इस्तेमाल कर सामान खरीदा और उसका भुगतान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू इस तरह के पहले लेनदेन के गवाह बने। मालदीव की अर्थव्यवस्था कई मायनों पर भारत पर निर्भर है। साल 2022 में दोनों देशों के बीच 50 करोड़ डॉलर का व्यापार हुआ था, जबकि इससे पहले 2014 में ये 17 करोड़ डॉलर था।

रुपे कार्ड की लॉन्चिंग के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मालदीव में रुपे कार्ड लॉन्च किया गया। आने वाले समय में भारत और मालदीव यूपीआई के के जरिए जुड़ जाएंगे। रुपे कार्ड पेमेंट्स की पहली लेन-देन के गवाह भारतीय पीएम मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भी बने। दोनों ने भारत से ही इस नज़ारे को लाइव देखा और ताली बजाई। ऐसे में आइए जानते हैं क्या है रुपे कार्ड और कैसे यह करता है काम।

**क्या होता है रुपे कार्ड** :- रुपे कार्ड भारत का स्वदेशी पेमेंट नेटवर्क है। इसका इस्तेमाल क्रेडिट, डेबिट और प्रीपेड कार्ड के जरिए ऑफलाइन और ऑनलाइन लेन-देन के लिए किया जाता है। यह एक अत्यधिक सुरक्षित नेटवर्क है, जो एंटी-फिशिंग से बचाता है। रुपे कार्ड नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने जारी किया है। इस कार्ड को दुनियाभर के 200 से अधिक देशों और 42.4 मिलियन से जयादा POS स्थानों और 1.90 मिलियन से अधिक एटीएम पर स्वीकार किया जाता है।

**प्रणब मुखर्जी ने किया था लॉन्च** :- रुपे कार्ड को आधिकारिक तौर पर 8 मई, 2014 को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने लॉन्च किया था। ये कार्ड भारत के अलावा कई और देशों में भी उपलब्ध है। रुपे कार्ड के जरिए एटीएम से पैसे निकाले जा सकते हैं, पीओएस पर खरीदारी की जा सकती है। इस कार्ड के क्लासिक, प्लैटिनम और सेलेक्ट तीन प्रकार हैं। रुपे कार्ड के जरिए रेलवे टिकट बुक करने पर कैशबैक भी मिलता है। रुपे कार्ड के जरिए कम-मूल्य वाले लेन-देन के लिए संपर्क रहित कार्ड भी उपलब्ध हैं।

**रुपे कार्ड से कारोबार करने की सीमाएं** :- रुपे कार्ड के जरिए यूपीआई लेन-देन की सीमा आमतौर पर एक लाख रुपये प्रति दिन तय की गई है। हालांकि, यह लिमिट विशिष्ट यूपीआई ऐप की सीमा के मुताबिक हो सकती है, जबकि कुछ खास व्यापार श्रेणी कोड के लिए ये सीमा 2 लाख रुपये प्रति दिन तक है। रुपे सिलेक्ट और वीजा सिग्नेचर डेबिट कार्ड से एटीएम से नकद निकासी की अधिकतम सीमा 1,50,000 रुपये है। वहीं, रुपे मास्टरकार्ड और वीजा गोल्ड डेबिट कार्ड से एटीएम से नकद निकासी की अधिकतम सीमा एक लाख रुपये है।

## केंद्र ने दिल्ली-एनसीआर में 65 रुपये प्रति किलो के भाव पर टमाटर बेचना शुरू किया



एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने खुदरा बाजार में टमाटर की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। सरकार ने 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर की बिक्री शुरू की है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को संसद भवन के पास टमाटर बेचने वाली वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया है। उपभोक्ता खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने यहां 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचने वाली राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) की वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। मंत्रालय के मुताबिक एनसीसीएफ ने मंडी से सीधे टमाटर खरीदकर और उन्हें 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बाजार में बेचना शुरू किया है। मंत्रालय के मुताबिक एनसीसीएफ देशभर के प्रमुख शहरों में खुदरा उपभोक्ताओं को सरकारी बफर स्टॉक से 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज की आपूर्ति भी लगातार कर रहा है। टमाटर की खुदरा बिक्री के शुभारंभ के अवसर पर उपभोक्ता मामलों के विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिनमें संयुक्त सचिव एवं एमडी एनसीसीएफ अनुपम मिश्रा, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार आईएस नेगी और आर्थिक सलाहकार डॉ. कामखेंथांग गुइटे शामिल थे। उल्लेखनीय है कि देश के अधिकांश हिस्सों में खुदरा बाजार में टमाटर 90-100 रुपये प्रति किलोग्राम और प्याज 50-60 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव मिल रहा है।

## भारत-यूएई के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि 31 अगस्त से लागू : वित्त मंत्रालय

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) 31 अगस्त से लागू हो गई है। इसके लागू होने से दोनों देशों के निवेशकों को निवेश संरक्षण की निरंतरता मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भारत और यूएई के बीच में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि लागू हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि बीआईटी पर इस वर्ष 13 फरवरी को यूएई के अबूधाबी में हस्ताक्षर किए गए थे, जो 31 अगस्त, 2024 से प्रभावी हो गई है। यूएई के साथ इस समझौते के लागू होने से दोनों देशों के निवेशकों को निरंतर निवेश संरक्षण मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक भारत और यूएई के बीच दिसंबर, 2013 में हस्ताक्षरित पहला द्विपक्षीय निवेश संरक्षण तथा संवर्धन समझौता (बीआईपीपीए) इस वर्ष 12 सितंबर को समाप्त हो गया था। मंत्रालय ने कहा कि भारत और यूएई के बीच बीआईटी से निवेशकों के बीच सहजता का स्तर बढ़ने तथा विश्वास में वृद्धि होने की उम्मीद है। इस संधि से द्विपक्षीय निवेश में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों के व्यवसायों और अर्थव्यवस्थाओं को फायदा होगा। उल्लेखनीय है कि भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 3 फीसदी की हिस्सेदारी के साथ यूएई 7वें स्थान पर है। इसमें अप्रैल 2000 से जून 2024 तक करीब 19 अरब अमरीकी डॉलर का संचयी निवेश शामिल है। भारत ने भी अप्रैल 2000 से अगस्त 2024 तक यूएई में अपने कुल एफडीआई का पांच फीसदी यानी 15.26 अरब डॉलर का निवेश किया है।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की कीमत घटी

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 77,810 रुपये से लेकर 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,340 रुपये से लेकर 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह चांदी की कीमत में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## रिजर्व बैंक की एमपीसी की समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट यथावत रहने की संभावना

एजेंसी, मुंबई



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक यहां सोमवार को शुरू हो गई। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में अयोजित यह बैठक 9 अक्टूबर को खत्म होगी। इस बैठक के फैसले की जानकारी गवर्नर शक्तिकांत बुधवार, 9 अकटूबर को देंगे। हालांकि, इस बार भी नीतिगत ब्याज दर में बदलाव की संभावना नहीं है। आर्थिक मामलों के जानकारों के मुताबिक रिजर्व बैंक इस बार भी नीतिगत दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करेगा। जानकारों का कहना है कि एमपीसी इस बार भी इजरायाल-ईरान जंग की हालात और अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अनुसरण नहीं करेगा, जिसने बेंचमार्क दरों में 0.5 फीसदी तक की कटौती की गई है। लेकिन, विशेषज्ञों का मानना है कि दिसंबर में होने वाली एमपीसी बैठक इसमें कुछ ढील की गुंजाइश है। केंद्र सरकार ने एक अक्टूबर को मौद्रिक नीति समिति में राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य और नागेश कुमार सहित तीन नए बाहरी सदस्यों की नियुक्ति की है। रिजर्व बैंक के एमपीसी में 6 सदस्य होते हैं, जिनमें केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास सहित तीन सदस्य हैं, जिनमें डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव रंज शामिल हैं। रेपो रेट वह दर है जिस पर रिजर्व बैंक किसी भी तरह की कमी की स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों को पैसे उधार देता है। आरबीआई रेपो दर का उपयोग मौद्रिक प्राधिकरण मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए करते हैं।

# सशक्त स्थायी समिति ने लगाई विभागीय योजनाओं पर रोक

चा० भूमि बेतिया

नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति ने सभी लंबित योजनाओं के विभागीय कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है, लंबित सभी योजनाओं को जल्द से जल्द निविदा के माध्यम से निष्पादित करने का निर्णय लिया गया है। महापौर गरिमा देवी सिकरिया ने बताया कि यह निर्णय उनकी अध्यक्षता में सोमवार शाम संपन्न सशक्त स्थायी समिति की बैठक में लिया गया है। श्रीमती सिकारिया ने इसके कारणों का खुलासा करते हुए बताया कि नगर निगम के विकास कार्यों में और तेजी लाने तथा गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर इसका निर्णय लिया गया है। उन्होंने नगर निगम में विकास योजना मद में उपलब्ध लगभग 36 करोड़ के आवंटन का आगामी 31 मार्च 2025 तक में शत प्रतिशत उपयोग को लेकर सशक्त स्थायी समिति द्वारा ऐसी रणनीति बनाई गई है। ताकि आगामी 31 मार्च तक में योजना मद में प्राप्त सभी आवंटन का गुणवत्तापूर्ण कार्यों में सही और नियमानुकूल उपयोग किया जा सके।

**» नगर आयुक्त ने भी माना कि मात्र तीन जेई के जिम्मे सैकड़ो विभागीय योजनाओं को कराने का दबाव बनने से योजनाओं की राशि ससमय खर्च असंभव**



श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न बैठक में शामिल रहे नगर आयुक्त ने भी माना कि मात्र तीन जेई के जिम्मे सैकड़ो विभागीय योजनाओं का दबाव बनने से योजनाओं में समयबद्धता असंभव है। इसके साथ ही महापौर ने यह भी बताया कि नगर निगम के वार्ड तीन में उनके निरीक्षण के दौरान अनुरक्षण अर्थात मरम्मती मद से स्वीकृत कार्य के नाम पर नया नाला का निर्माण होता पाया गया। बल्कि ऐसे कार्य पर सशक्त स्थायी समिति ने बहुत पहले ही रोक लगा दिया था। जिसको लेकर उक्त विभागीय योजना के भुगतान पर सशक्त स्थायी समिति ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसके साथ ही वार्ड संख्या 14 में नाला निर्माण की एक बड़ी योजना के विभागीय वित्तीय सीमा में लाने के लिए एक ही बड़ी योजना को तोड़कर छोटी छोटी कई योजनाओं में बदलने और बिना अतिक्रमण हटाए ही विभागीय योजना के कार्यान्वयन को बड़ी धांधली करार देकर उसके भुगतान पर भी रोक लगा दी गई है।

इसके अतिरिक्त वार्ड दो में मिली कई जन शिकायतों के आधार पर इस्लामिया नगर में सड़क की करीब 10 से 12 फीट तक की सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों के लिए छोड़ कर नाला निर्माण होने पर भी सशक्त स्थायी समिति ने उक्त योजना के भुगतान पर रोक लगा दी है महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह जानकारी दी है कि छावनी स्थित पेट्रोल पंप से 15 अगस्त के बाद से ईंधन आपूर्ति एवं भुगतान पर रोक, स्पैरो आउटसोर्सिंग एजेंसी से नगर निगम के होर्डिंग टैक्स वसूली पर रोक एवं एकरारनामा रद्द, वार्ड जमादारों और अन्य के बैंक खाते में मजदूरी मद के लाखों के भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक का आदेश पुनः पारित किया गया है।

वार्ड संख्या 2 का सामुदायिक भवन जिस पर निजी कब्जा किया हुआ है, उसे प्रशासन की मदद लेकर खाली करने का भी निर्णय लिया गया। भवनो के नक्शा पास करने में प्राप्त आवेदनों का विस्तृत सूची बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया, भवनो के नक्शा पास करने में अवैध उगाही की शिकायत मिलने पर या कार्रवाई की गई है। महापौर गरिमा देवी शिकारिया ने बताया कि मैंने विभागीय योजनाओं में हो रही गड़बड़ी को लेकर विभाग को कार्रवाई एवं मार्गदर्शन हेतु पत्र भी लिखा है। बैठक मे नगर आयुक्त शंभू कुमार, उपनगर आयुक्त गोपाल कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य उपमेयर गायत्री देवी, मनोज कुमार, दीपक कुमार, शकीला खातून, अफ़रीना खातून, रोहित सिकारिया आदि शामिल रहे।

## चक्रसन में मनेगा कर्मा धर्मा का महापर्व, तैयारी में जुटे आदिवासी

चा ० भूमि,मैनाटाड़

मानपुर थाना क्षेत्र के चक्रसन में कर्मा धर्मा महापर्व और चंपारण आदिवासी उरांव महासभा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए अभी से सभी गांव के गुमास्ता अपने-अपने दायित्व के लिए तैयार हो जायें ।प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी कार्यक्रम अपने निर्धारित तिथि आगामी 13 अक्टूबर को मनाया जायेगा।उक्त बातें चंपारण आदिवासी उरांव महासभा के अध्यक्ष जयप्रकाश उरांव ने आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही ।आदिवासियों का महापर्व कर्माधर्मा चक्रसन गांव में ही मनाया जायेगा ।इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। लगभग सभी आदिवासी गांव के गुमास्ताओं की इसकी जवाबदेह दी गयी है। बैठक का संचालन करते हुए शंभू उराव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बगहा सांसद को बनाने पर चर्चा की गयी।बैठक में उपाध्यक्ष पवन उराव, सचिव सुजीत उरांव, धर्मदेव उराव,उमेश उराव,वीरेंद्र उराव,महात्मा उराव,दिनेश उराव, जंगबहादुर उराव ,शंकर उराव ,अजय उराव,करण उराव, मनोहर उरांव आदि शामिल रहें।






## दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट,: एसडीएम

चाणक्य भूमि,बेतिया

दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर अपराधिक छवि वाले लोगों को चिन्हित किया जाए ऐसे लोगों पर बीएनएस 126 का प्रस्ताव भी भेजा जाए। उक्त बातें गुरुवार की शाम अनुमंडल कार्यालय बेतिया में आयोजित विधि व्यवस्था की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार ने कही। दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षो को थानावार निरोधात्मक कारवाई को लेकर सूची बनाने का निर्देश दिया। साथ ही विधि व्यवस्था बेहतर बनाए जाने को लेकर थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि भीड़ वाले जगहों पर अवैध गति विधियों पर नजर रखने व आसूचना संकलन कर प्रशासन से समन्वय बनाकर नजर रखे। इस अवसर पर



कार्यपालक दंडाधिकारी सीमा गुप्ता, एसडीपीओ, सभी थानाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

**सोशल मीडिया पर रखी जाएगी निगरानी**– एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि हुड़दंग करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी जुलूस सीसीटीवी वीडियो ग्राफी की निगरानी में रहेंगे। सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास न करें अन्यथा ऐसा करने वाले असमाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणी पर पुलिस द्वारा तुरन्त कारवाई की जाएगी।

## डीएम ने 50 लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना का बांटा स्वीकृति पत्र

चा० भूमि,बेतिया

**बेतिया**। सोमबार को सूबे के मुख्यमंत्री, बिहार, नीतीश कुमार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान और जीविका अंतर्गत सतत जीविकोपार्जन योजना, क्रेडिट लिंकेज, परिक्रमी निधि एवं आरंभिक पूंजीकरण निधि के तहत कुल-81 करोड़ 54 लाख 94 हजार की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में हस्तानांतरित की गयी।



इस अवसर पर पश्चिम चम्पारण जिले के जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय एवं उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार द्वारा विभिन्न योजनाओं के 50 लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृति पत्र एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि तथा जीविका दीदियों के बीच सतत जीविकोपार्जन योजना क्रेडिट लिंकेज, परिक्रमी निधि एवं आरंभिक पूंजीकरण निधि के तहत चेक के माध्यम से राशि प्रदान की गयी।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, निदेशक, डीआरडीए, अरूण प्रकाश एवं निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम अमित कुमार पाण्डेय, डीपीएम जीविका, निखिल कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।







## शराब के नशे में हंगामा करते एसआई को पुलिस ने गिरफ्तार किया

चाणक्य भूमि बगहा

बगहा में शराब पीकर पुलिस केंद्र में हंगामा कर रहे एसआई को पटखौली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार एसआई असरफुल हक खां बगहा पुलिस केंद्र में पदस्थापित थे।जो शनिवार को पुलिस केंद्र बगहा में शराब पीकर हंगामा कर रहे थे।दरअसल बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है ऐसे में सब इंस्पेक्टर पुलिस हीं शराब पीकर न केवल हंगामा क़रतें नज़र आये बल्कि कपड़े उतार क़र अश्लील हरकक़्त करते दिखें लेकिन ज़ब पुलिस नें उन्हें गिरफ्तार किया तब जाकर नशा टुटा औऱ आनन फानन में वें कपड़े पहननें लगे।इस मामले में बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी क़र बताया है कि पुलिस केंद्र में पदस्थापित एसआई असरफूल हक खां जो दरभंगा जिला के सदर थाना अंतर्गत नयनघाट के निवासी है।शनिवार की दोपहर पुलिस केंद्र बगहा में शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे लिहाजा सूचना मिलते हीं पटखौली थाने की पुलिस को मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया गया।बगहा एसपी के निर्देश के आलोक में पटखौली थाने की पुलिस ने पुलिस केंद्र मुख्यालय से एसआई अशरफुल हक खां को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार शराबी एसआई का शहरी पीएचसी बगहा 2 में मेडिकल जांच भी कराया



**» बगहा एसपी के निर्देश के आलोक में पटखौली थाने की पुलिस ने पुलिस केंद्र मुख्यालय से एसआई अशरफुल हक खां को किया गिरफ्तार**

गया है।बगहा एसपी ने बताया कि मामले में पटखौली थाने में कांड अंकित कर एसआई को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।उन्होंने बताया इस मामले में गिरफ्तार एसआई पर विभागीय कार्रवाई की भी अनुशंसा की जा रही है।बतादें की बिहार में शराबबंदी क़ानून लागू है लिहाजा सरकारी कर्मचारियों कों शराब न पीने की शपथ भी दिलाई जाती है ऐसे में सब इंस्पेक्टर ऑफ़ बिहार पुलिस के इस कारनामें औऱ शराब के नशे में चूर होकर हंगामा नें सिस्टम पर कई सवाल खड़े क़र दिये है जिससे पुलिस की भी किरकिरी हो रहीं है।बहरहाल नशेड़ी दरोगा पर गाज़ गिरने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## कालीबाग थाने से गिरफ्तार अपराधी फरार



चाणक्य भूमि बेतिया

सोमवार की सुबह नगर के सुप्रिया सिनेमा रोड से पुलिस ने 11 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया था। जिसकी पहचान सिरिसिया गांव निवासी विवेक कुमार सिंह के रूप मे हुई थी और तस्कर की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी कामयाबी मान रही थी। जिसके बाद पुलिस गिरफ्तार किए गए तस्कर को जेल भेजने की तैयारी में लगी थी। लेकिन इसी दौरान पुलिस की लापरवाही कहे या तस्कर की चालाकी, तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

**» पुलिस ने सुप्रिया रोड से ग्यारह किलो गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया था जो पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया**

पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर फरार हो गया है। जिसकी जाँच की जा रही है और इस संबंध में दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा। पुलिस जल्द ही फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लेगी।

## रोटरी क्लब बेतिया सेन्ट्रल ने सिंघाछापर में छात्रों के बीच बांटा स्पोर्ट्स गुड्स



चा० भूमि,बेतिया

**बेतिया**। रोटरी क्लब बेतिया सेन्ट्रल एवम इनर व्हील क्लब के तत्वावधान में राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंघा छापर में छात्रों के बीच खेल कूद का सामान वितरित किया।यह विद्यालय रोटरी के द्वारा गोद लिया गया है। रोटरी अध्यक्ष सुजय कुमार सिन्हा एवम इनर व्हील अध्यक्षा श्रीमती रंजना गोयल ने संयुक्त रूप से बच्चों के हाथो में कैरम बोर्ड, लूडो, फुटबॉल, स्वीप रोप , क्रिकेट किट भेंट किया। खेल कूद का सामान पाकर छात्र छात्राये खुशी से झूम उठे।मौके पर अध्यक्ष सुजय कुमार सिन्हा ने कहा खेल कूद से बच्चे स्वस्थ रहते है। अतः पढ़ाई के साथ साथ खेलना भी जरूरी है, आज

**» मोबाइल से दूर रहने की अध्यक्ष ने छात्रों को दी नसीहत**

कल बच्चे मोबाइल गेम के तरफ ज्यादाआकर्षित है जिसके कारण आंख तो समय से पहले खराब होता है साथ शारीरिक परिश्रम नही होने के कारण युवावस्था में बहुत से बीमारी के शिकार हो जाते हैं इसीलिए काम से काम एक घंटा का स्पोर्ट्स का क्लास होना चाहिए।

इस अवसर पर शीला रंजन, अभिनव दत्त त्रिपाठी, एकबाल राजा, देवऋषि शरण एवम इनर व्हील से पम्मी सिन्हा, अध्यक्षा श्रीमती रंजना गोयल, इंद्रा पोद्दार उपस्थित थे।












## नकछेद बहुअरवा में स्मार्ट मीटर लगाने गये बिजली अधिकारियों का हुआ विरोध ,बैरंग लौटना पड़ा

चा ० भूमि,मैनाटाड़

पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के नकछेद बहुअरवा गांव में स्मार्ट मीटर लगाने गये बिजली अधिकारियों व कर्मियों को लोगों का आक्रोश झेलना पड़ा ।लोगों के आक्रोश को देखते हुए बिजली अधिकारियों व कर्मियों को बिना स्मार्ट मीटर लगाये बैरंग लौटना पड़ा ।मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में नकछेद बहुअरवा गांव में स्मार्ट मीटर लगाने गये कर्मियों को लोगों ने वापस कर दिया था ।उसके बाद बिजली अधिकारियों कर्मियों के द्वारा समझाया भी गया था फिर भी लोगों ने स्मार्ट मीटर नहीं लगाया ।उसके बाद रविवार को एसडीओ पुनेंद्र कुमार,जेई सुशील कुमार, गौनाहा जेई प्रमोद पासवान सहित अन्य बिजली अधिकारी व कर्मी स्मार्ट मीटर लगाने उक्त गांव में पहुंचे।लोगों को अधिकारियों के द्वारा समझाया जा रहा था कि आप सभी स्मार्ट मीटर लगायें। स्मार्ट मीटर आपका हक में है आप जितना बिजली उपयोग करेंगे उतना ही भुगतान करना



होगा। फिर भी लोग नहीं माने लोगों के हो हंगामा करना शुरू कर दिया ।अधिकारियों को घेर कर लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति को देखते हुए बिजली अधिकारी वापस लौट गये। इधर जेई सुशील कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाना बिजली उपभोक्ताओं के हक में है। नकछेद बहुअरवा गांव में स्मार्ट मीटर नहीं लगाया गया है ।इस संबंध में कानूनी कार्रवाई करने के लिए पुरुषोत्तमपुर थाना में आवेदन प्रतिवेदित किया जा रहा है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714